संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 13 अप्रैल 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 12 अंकः 101 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में 'रक्षा वित्त और अर्थशास्त्र' विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।

# विपक्ष को एकजुट करने की कवायद

## दिल्ली में राहुल गांधी से मिले नीतीश कुमारः ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एकजुट करना है, देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगेः राहुल

### विचारधारा की लड़ाई

= नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी विपक्षी एकता पर बात हुई है। ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एक साथ लाने की कोशिश है

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार** और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मिले। यह मुलाकात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के घर पर हुई। मुलाकात के बाद नीतीश और राहुल ने मीडिया से बातचीत की। नीतीश कुमार ने कहा कि हमारी विपक्षी एकता पर बात हुई है। ज्यादा से ज्यादा पार्टियों को एक साथ लाने की कोशिश है। हमारी सकारात्मक बातचीत हुई है। राहुल गांधी



ने कहा कि नीतीश जी की पहल बहुत अच्छी है। अपोजिशन को एक करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। विचारधारा की लड़ाई को लड़ेंगे। देश पर आक्रमण के खिलाफ लड़ेंगे। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और कांग्रेस बिहार अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह मौजूद रहे। 2024 आम चुनाव से पहले हो रही इस मुलाकात के बाद कहा जा रहा है कि नीतीश कुमार यूपीए के संयोजक बनाए जा सकते हैं। नीतीश तीन दिन के दिल्ली दौरे पर हैं। नीतीश कुमार ने मंगलवार को दिल्ली में ही मीसा भारती के घर पर लालू यादव से भी मुलाकात की थी। नीतीश तेजस्वी यादव और राजश्री के घर भी पहुंचे। उन्होंने लालू की पोती कात्यायनी को गोद में लिया।

**कांग्रेस को साथ लेकर चलने की बात कहते रहे हैं नीतीशः** इन नेताओं की मुलाकात देश की राजनीति के लिए अहम मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि आज विपक्षी एकता को लेकर कोई कदम उठाया जा सकता है। नीतीश कुमार पहले से भी विपक्षी एकता के समर्थक रहे हैं।

वे पहले भी कांग्रेस को साथ लेकर चलने की बात कहते रहे हैं। कुछ विपक्षी पार्टियां उनके इस प्रस्ताव के खिलाफ हैं। राजद और कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि नीतीश यूपीए के कुनबे को बढ़ा सकते हैं।

### 'अधिक दलों को विपक्षी एकता के तहत जोड़ा जाएगा'



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने एक प्रक्रिया की शुरूआत की है, जिसके तहत अधिक से अधिक दलों को विपक्षी एकता के तहत जोड़ा जाएगा। हम समान विचारधारा, सोच को विकसित करेंगे और देश में मिलकर विचारधारा की अपनी लड़ाई को लड़ेंगे। देश में संस्थानों पर हो रहे आक्रमण का हम लोग एक साथ मिलकर मुकाबला करेंगे।

## तेजस्वी से ईडी की 8 घंटे पूछताछ



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**लैंड फॉर** जॉब्स मामले में बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से ईडी ने पूछताछ की। पहले राउंड में 3 घंटे चली पूछताछ के बाद तेजस्वी को लंच ब्रेक दिया गया था। इसके बाद ईडी फिर से उनसे 5 घंटे पूछताछ की। तेजस्वी यादव ने ईडी ऑफिस से बाहर निकलकर कहा कि चुनाव का समय है ये चलता रहेगा। उनका हर बार यही सवाल रहता है कि घोटाला हुआ है या नहीं। हर बार मैं जवाब देता हूं कि कोई घोटाला नहीं हुआ है। तेजस्वी यादव 11 बजे अपने वकील के साथ ईडी ऑफिस पहुंचे थे।


## जेलेंस्की ने पीएम मोदी से मदद मांगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**यूक्रेन** के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगी है। इसमें अतिरिक्त मानवीय सहायता भेजने को कहा है। उधर, यूक्रेनी डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर एमिन झापरोवा ने ये पत्र एक बैठक के दौरान विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी को दिया। पत्र में दवाओं और मेडिकल इक्विपमेंट्स समेत अतिरिक्त मानवीय सहायता देने की बात लिखी है। वहीं, यूक्रेनी डिप्टी फॉरेन मिनिस्टर एमिन झापरोवा ने भारत को चीन और पाकिस्तान को लेकर सलाह दी। उनका कहना है कि भारत उन दुश्मनों को पहचाने जो सोचते हैं कि वो गलत करने के बाद बचकर निकल जाएंगे।

## 24 घंटे में 7,830 नए कोरोना केस, 16 मौत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**देश** में बीते 24 घंटे में कोरोना के 7,830 नए केस सामने आए हैं। इस दौरान 14 लोगों की जान भी गई। 7 महीने बाद नए केस साढ़े 7 हजार से ज्यादा आए हैं। 31 अगस्त को 7,946 केस मिले थे। इसके साथ ही देश में एक्टिव केस 40, 215 हो गए हैं। इससे पहले 23 सितंबर को देश में 41,818 लोगों का इलाज चल रहा था। एक ही दिन में कोरोना के नए मामलों में 2,154 की बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार को देश में 5,676 मामले सामने आए थे। उत्तर प्रदेश में भी कोरोना के केसेज तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश की लखनऊ में 7 महीने बाद बुधवार को एक दिन में 97 पॉजिटिव केस मिले हैं। इसके बाद प्रशासन ने नई कोरोना गाइडलाइन जारी कर दी। इसमें स्कूल, दफ्तर, अस्पताल, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और पब्लिक प्लेस पर मास्क को अनिवार्य कर दिया है।

## राजस्थान को पहली वंदे भारत मिली

### मोदी ने दिखाई झंडी, गहलोत जी राजनीतिक संकट में हैं, फिर भी वे यहां आएः पीएम

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

**राजस्थान** को बुधवार को पहली वंदे भारत ट्रेन मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली इस सेमी हाईस्पीड ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन जयपुर से सुबह करीब 11.30 बजे दिल्ली कैंट के लिए रवाना की गई। इस दौरान मोदी ने 17 मिनट का भाषण दिया। आखिर के दो मिनट में राजस्थान कांग्रेस में चल रही तनातनी का जिक्र किया। हालांकि उन्होंने सचिन पायलट का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा, 'मैं गहलोत जी का विशेष तौर पर आभार व्यक्त करता हूं कि इन दिनों वह राजनीतिक आपाधापी में...अनेक संकटों से गुजर रहे हैं। इसके बाद भी विकास के काम के लिए समय निकाल कर आए। रेलवे कार्यक्रम में हिस्सा लिया।' सचिन पायलट ने मंगलवार को अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन किया था।

**जो काम आजादी के बाद होने थे, उनके लिए मुझ पर भरोसा कर रहेः** मोदी ने गहलोत से कहा, 'आपके दोनों हाथ में लड्डू है। रेल मंत्री राजस्थान से हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं। जो काम आजादी के तुरंत बाद हो जाने थे, 70 साल बाद उनके लिए आप मुझ पर इतना भरोसा कर रहे हैं, यही मेरी मित्रता की ताकत है।'



### तनातनी का जिक्र किया

= 'मैं गहलोत जी का विशेष तौर पर आभार व्यक्त करता हूं कि इन दिनों वह राजनीतिक आपाधापी में...अनेक संकटों से गुजर रहे हैं'

## दो लड़कियों ने राष्ट्रगान का मजाक उड़ाया

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के कोलकाता में दो लड़कियों ने राष्ट्रगान का मजाक उड़ाया। इसका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों लड़कियां हाथ में सिगरेट लेकर राष्ट्रगान गा रही हैं और मजाक बना रही हैं। घटना सामने आने के बाद कोलकाता पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। इसे लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट के वकील समेत कई लोगों ने लड़कियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद बैरकपुर साइबर सेल में दोनों लड़कियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

## मिलिट्री स्टेशन में फायरिंगः 4 जवानों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/बठिंडा**

**पंजाब** के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन में बुधवार सुबह हुई फायरिंग में सेना के 4 जवानों की मौत हो गई। ये जवान 80 मीडियम रेजिमेंट के थे और ऑफिसर्स मेस में गार्ड ड्यूटी पर तैनात थे। आर्मी ने कहा कि फायरिंग सुबह 4:35 बजे हुई। 4 मौतों के अलावा जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। पुलिस और सेना की टीमें मिलकर इसकी जांच कर रही हैं। एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सेना ने कहा कि हम सभी पहलुओं की जांच करेंगे। इसमें 2 दिन पहले यूनिट के गार्ड रूम से इंसास राइफल और गोलियां गायब होने का एंगल भी शामिल है। पुलिस और आर्मी को इस राइफल का घटना में इस्तेमाल होने का शक है।




### संदिग्ध हिरासत में

= आर्मी ने कहा कि फायरिंग सुबह 4:35 बजे हुई। 4 मौतों के अलावा जान-माल का कोई नुकसान नही हुआ

फायरिंग के बाद मिलिट्री स्टेशन को सील कर दिया गया है और लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। कैंट थाना के गुरदीप सिंह ने बताया कि कल शाम को आर्मी की ओर से राइफल गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई गई थी।

## बीजेपी राज्य में दंगे भड़का रहीः आदित्य ठाकरे



**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**

**महाराष्ट्र** के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर राज्य में दंगे भड़काने का आरोप लगाया। हैदराबाद की गीतम यूनिवर्सिटी में उन्होंने कहा कि हमारे हिंदुत्व की परिभाषा एकदम साफ है। हम भाजपा के हिंदुत्व में भरोसा नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि लोग क्या खाते हैं, इस पर हम उन्हें जिंदा नहीं जलाते हैं। अगर ये भाजपा का हिंदुत्व है, तो यह न मुझे स्वीकार है, न मेरे पिता को, न मेरे दादा को और न ही महाराष्ट्र की जनता को। ठाकरे गुट के नेता ने कहा कि 2014 में हमारे साथ गठबंधन तोड़कर भाजपा ने हमारी पीठ में छुरा घोंपा था। आदित्य ने कहा कि भाजपा को हिंदुओं की परवाह नहीं है। जब उसने हमसे गठबंधन तोड़ा हम तो तब भी हिंदू थे।

## पुलिस को मिली समर सिंह की रिमांड

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**भोजपुरी** अभिनेत्री आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी गायक समर सिंह की मुसीबतें बढ़ती दिख रही हैं। सिविल जज जूनियर डिवीजन/फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय तनया गुप्ता की अदालत ने बुधवार को समर सिंह की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली। 13 अप्रैल की सुबह 10 बजे से 17 अप्रैल की शाम पांच बजे तक की पुलिस रिमांड स्वीकृत हुई है। इसका मतलब यह कि समर सिंह 4 दिन 7 घंटे पुलिस कस्टडी रिमांड में रहेगा। अदालत में समर सिंह जिला जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पेश हुआ।

## बिहार में भूकंप के झटके, 4.3 रही तीव्रता

**पटनाः** बिहार में सीमांचल के कई जिलों में बुधवार सुबह साढ़े 5 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। सहरसा, मधेपुरा, कटिहार, किशनगंज,पूर्णिया, अररिया में ये झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.3 मापी गई है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार भूकंप का केंद्र रानीगंज और बनमनखी के बीच रहा। भूकंप से फिलहाल किसी भी तरह की नुकसान की जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। बता दे कि सीमांचल के कई इलाके में सुबह-सुबह अचानक से भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिसके बाद घबराहट में कई लोग आनन-फानन में अपने घरों से बाहर निकल गए। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। इससे पहले रविवार और सोमवार को भी देर रात 2 बजे करीब अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

## 'लोकतंत्र की हत्या 1975 में हुई थी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की हत्या सिर्फ एक बार 1975 में हुई थी। जैसा 1975 में हुआ, उसके बाद फिर कभी नहीं हुआ और आगे भी ऐसा कभी नहीं होगा। हम कानून में भरोसा करते हैं। देश में लोकतंत्र की भावना जिंदा है। दरअसल, सोनिया गांधी के छपे आर्टिकल के बाद रिजिजू ने यह बात कही है। उन्होंने एक ट्वीट में अपने कुछ भाषणों का वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया, 'सोनिया गांधी लोकतंत्र के बारे में लेक्चर दे रही हैं? कांग्रेस की तरफ से न्यायपालिका की स्वतंत्रता के बारे में बात करने से ज्यादा बेईमानी वाली बात कोई नहीं हो सकती है।' सोनिया ने अपने आर्टिकल में कहा था कि केंद्र सरकार लोकतंत्र के तीनों स्तंभों को खत्म कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार पर संसद में विपक्ष की आवाज दबाने, एजेंसियों के दुरुपयोग, मीडिया की आजादी खत्म करने, देश में नफरत और हिंसा का माहौल बनाने का आरोप लगाया। रिजिजू ने 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की तरफ लगाई गई इमरजेंसी का नाम लिए बिना कहा कि लोकतंत्र की हत्या सिर्फ एक बार 1975 में हुई है। फिर न ऐसा कभी हुआ, और न होगा। उन्होंने विपक्षियों से कहा कि आप चुनी हुई सरकार से सभी सवाल पूछें, लेकिन देश से सवाल न करें।



**भारत की चिंता** यूके में शरण पाए खालिस्तान समर्थक तत्व आतंकवादी गतिविधियों को सहायता दे रहे

## भारत ने ब्रिटेन से उठाया खालिस्तान का मुद्दा


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारत** ने ब्रिटेन के साथ यहां बुधवार को हुई 5वीं गृह मामलों की वार्ता के दौरान खालिस्तान समर्थक उग्रवाद सहित ब्रिटेन में जारी भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। भारत ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि यूके में शरण पाए खालिस्तान समर्थक तत्व इसका दुरुपयोग कर आतंकवादी गतिविधियों को सहायता और बढ़ावा दे रहे हैं। भारत ने आग्रह किया कि यूके बेहतर सहयोग देते हुए खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों की निगरानी और उन पर उचित कार्रवाई करे। साथ ही भारत ने लंदन में अपने उच्चायोग की सुरक्षा में सेंध को लेकर अपनी गंभीर चिंताओं से उन्हें अवगत कराया। गृह मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और ब्रिटेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह कार्यालय में स्थायी सचिव सर मैथ्यू रीक्रॉफ्ट ने किया। बैठक में दोनों देशों के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने आपसी सहयोग की समीक्षा की और इसे बढ़ाने के अवसरों का पता लगाने के लिए आगे के कदमों पर विचार किया। सहयोग के क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला, साइबर सुरक्षा और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला, मादक पदार्थों की तस्करी, प्रवासन, प्रत्यर्पण और ब्रिटेन में खालिस्तान समर्थक उग्रवाद सहित भारत विरोधी गतिविधियां जैसे मुद्दे शामिल रहे।







# बंगाणा में आयोजित होगा जिला स्तरीय रेडक्रॉस दिवस: उपायुक्त राघव शर्मा

**8 डीसी ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय रेड क्रॉस कार्यक्रम बंगाणा में आयोजित होगा। यह जानकारी उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले आवश्यक प्रबंधों के संबंध में बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। डीसी ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। इसमें ईएनटी, आंख, स्त्री रोग विशेषज्ञ लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे और दवाओं का वितरण भी किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आयुष विभाग द्वारा भी स्टॉल लगाया जाएगा तथा क्वाथ का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिजीयोथैरेपी और रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। इसके अलावा हिमकेयर और आयुष्मान का भी स्टॉल लगाया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि रेड क्रॉस कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग का बोर्ड भी बैठेगा, जो दिव्यांगों को मौके पर ही प्रमाण पत्र जारी करेगा। उन्होंने बताया कि पात्र दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, वॉकिंगस्टिक, हियरिंगएड चिकित्सीय उपकरण प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने एसडीएम बंगाणा को निर्देश दिए कि जिन पात्र दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण करने हैं, उन्हें पूर्व में ही सूचित किया जाए। उपायुक्त ने बताया कि 20 अप्रैल को बंगाणा में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में असैस्मेंट कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रेड क्रॉस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एसडीएम बंगाणा को निर्देश दिए कि वह टीमों का गठन करें और उन्हें आवश्यक कार्य सौंपे। स्थानीय ग्राम पंचायत के अतिरिक्त रेड क्रॉस से जुड़े व्यक्तियों व सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ऊना ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि आगामी 8 मई को बंगाणा में पहुंच कर रेड क्रॉस कार्यक्रम का लाभ उठाएं। उपायुक्त राघव शर्मा ने कहा कि स्कूलों में बनाए गए रेड क्रॉस के ग्रुपों में शामिल किए गए विद्यार्थियों को भी कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। इस मौके पर रोड सेफ्टी और नशे के दुष्प्रभावों पर आधारित लघु नाटिकाएं भी प्रस्तुत की जाएंगी। बैठक में एडीसी महेंद्रपाल गुर्जर, डीएसपी अजय ठाकुर, एसी वरिंद्र शर्मा, एसडीएम बंगाणा, सीएमओ, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, हिमाचल प्रदेश रेडक्रॉस सोसाइटी के संरक्षक सुरेंद्र ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भून्तर स्थित संगम स्थल का किया जाएगा सौन्दर्यकरण: सुंदर सिंह ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
भून्तर स्थित संगम स्थल का किया जायेगा सौन्दर्यकरण यह जानकारी गत दिवस को मुख्य संसदीय सचिव ऊर्जा, पर्यटन, वन व परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने भुंतर स्थित संगम स्थल का दौरा करने के दौरान दी। उन्होंने स्थानीय लोगों से भुंतर स्थित संगम स्थल के सुंदरीकरण में सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भून्तर में व्यास व पार्वती नदी के संगम स्थल का धार्मिक दृष्टि से बहुत ही महत्व है। यहां पर जहां स्थानीय देवी देवता समय समय पर स्नान के लिए आते हैं वहीं स्थानीय लोगों के लिए भी यह स्थल धार्मिक दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है यहाँ विभिन्न अवसरों पर स्थानीय लोग पवित्र स्नान करते हैं। सीपीएस ने कहा कि व्यास नदी के दोनों किनारों का नवार्ड के सहयोग से तटीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगम स्थल पर जहां घाटों का निर्माण किया जाएगा। वहीं इस क्षेत्र को धार्मिक तथा पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा।
उन्होंने कहा की सौंदर्यकरण को लेकर एक मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। उन्होंने सौन्दर्यकरण की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भुंतर स्थित ट्रक व जीप स्टैंड को भी यहां से अन्य स्थान पर बदला जाएगा। उन्होंने तहसीलदार भुंतर को ट्रक व जीप स्टैंड विकसित करने के लिए शीघ्र जमीन तलाशने के निर्देश दिए। इस जिला परिषद सदस्य आशा देवी, नगर पंचायत भुंतर की अध्यक्ष मीना, उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग, सहित आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### शहीद श्याम सिंह को याद कर भावुक हुए माता-पिता



**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
शिलाई के बांदली गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया शहीद श्याम सिंह का शहीदी दिवस मनाया गया। शहीद श्याम सिंह अमर रहे के नारों से गूंजा विद्यालय अपने लाडले को याद कर पिता प्रताप चौहान एवं माता कमला देवी हुए भावुक। शहीद श्याम सिंह के शहीदी दिवस के उपलक्ष पर भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र एवं स्थानीय प्रशासन और विद्यालय ने संयुक्त रूप से स्कूल में स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया। हर वर्ष आज के दिन को स्थानीय विद्यालय में शहीदी दिवस के रूप में मनाया जाता है। अमर शहीद श्याम सिंह के पैतृक गांव बांदली के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बांदली ढाडस के प्रांगण में स्थित समृति स्थल पभूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब-शिलाई क्षेत्र व परिवार तथा गांव एवं पंचायत के सदस्यों ने स्कूल के अध्यापकों और बच्चों के साथ मिलकर अमर शहीद को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा व शिलाई क्षेत्र के पदाधिकारियों नें उपस्थित छात्रों और उपस्थित सभी लोगों से देश के इन रणबांकुरों से प्रेरणा लेने की अपील की और शहीद परिवारों और वीर नारियों का हमेशा सम्मान करने का आग्रह किया। इस मौके पर विशेष रूप से शहीद श्याम सिंह के पिता प्रताप चौहान एवं माता कमला देवी व भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा व शिलाई क्षेत्र से जवाहर देसाई, जीवन चौहान, विक्रम चौहान, समस्त ग्राम वासियों ने शहीद श्यामा सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बिलासपुर में अगले एक सप्ताह तक रहेगी पानी की किल्लत: सीआर चौधरी

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
बिलासपुर शहर के हर वार्ड में आने वाले एक सप्ताह में पानी का संकट गहरा सकता है। इसलिए जल शक्ति विभाग ने नगरवासियों से सहयोग की अपील की है। उठाउ पेयजल योजना नोग में राइजिंग पाइप के क्षतिग्रस्त होने तथा पंप हाउस की मेंटेनेंस के चलते यह समस्या हुई है। वहीं प्रेस को जारी बयान में जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता सीआर चौधरी ने बताया कि वीरवार यानि 13 अप्रैल को पानी बिलकुल भी नहीं आएगा जबकि अन्य दिनों में भी यह संकट बरकरार रहेगा। उन्होंने बताया कि नगर के रौड़ा सेक्टर, मेन मार्केट लोअर मेन मार्केट तथा लखनपुर में यह समस्या ज्यादा रहेगी जबकि डियारा सेक्टर में पानी के आने की उम्मीद है। जेई सीआर चौधरी ने बताया कि नोग में पानी की राइजिंग पाईप काम करते समय और फ ट गई है। इसके लिए वेल्डिंग के कार्य में दिक्कत पेश आ रही है। बावजूद इसके काम युद्ध स्तर पर चला है। वहीं इसी योजना के पंप की दुरूस्ती का काम चला हुआ है। ऐसे में कम से कम एक सप्ताह तक नगरवासियों के लिए पानी का संकट बना रह सकता है। उन्होंने लोगों से पानी के प्रति लापरवाही न बरतने और सहयोग की अपील की है।


### मंडी के रिवालसर का प्रसिद्ध बैसाखी मेला कल से

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
जिला मंडी के रिवालसर का प्रसिद्ध ऐतिहासिक बैसाखी मेला कल वीरवार से शुरू हो रहा है। लोगों की धार्मिक आस्था से जुड़े इस चार दिवसीय इस मेले का शुभारंभ विधायक चंद्र शेखर करेंगें व मेले में निकाली जाने वाली शोभायात्रा में भाग लेंगे। जानकारी देते हुए मेला वित्त कमेटी के संयोजक एवं पार्षद नगर पंचायत रिवालसर कश्मीर सिंह यादव ने बताया की स्थानीय प्रशासन ने मेले में कानून व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए है।

# मैदानी इलाकों में पारा चढ़ते ही पर्यटक करने लगे पहाड़ी राज्यों का रूख

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मैदानी इलाकों में पारा चढ? से पर्यटक ठंडी वादियों का आनंद लेने के लिए पहाड़ी राज्यों का रूख कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में शुरू होने जा रहे टूरिस्ट सीजन को लेकर मंडी जिला पुलिस पूरी तरह से तैयार है। मंडी पुलिस जिला से गुजरने वाले कुल्लू-मनाली के लिए हाईवे पर स्थापित इंटेलिजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के कैमरों की मदद से पैनी नजर रहेगी। पुलिस टीमों द्वारा डॉप्लर राडार के माध्यम से वाहनों की गति को जांचने के लिए विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। इसके तहत मंडी जिला पुलिस द्वारा हाईवे पर ट्रैफिक पुलिस की विशेष तैनाती कर वाहनों की गति सीमा पर कड़ी नजर रखी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडी मनमोहन सिंह ने कहा कि बाहरी राज्यों में गर्मियों की छुट्टियां होने वाली हैं और इस कारण कुल्लू, मनाली और लेह सडक मार्ग पर पर्यटकों की तादाद बढ़ जाती है। इससे हाईवे पर गाडि?ों की संख्या में भारी बढ़ौतरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि टूरिस्ट सीजन को लेकर मंडी पुलिस पूरी तरह से तैयार है। इस वर्ष पुलिस द्वारा हाईवे पर इंटेलिजेंस ट्रैफि क मैनेजमेंट सिस्टम;प्ज्डैद्ध के कैमरे भी स्थापित किए हैं।
मनमोहन सिंह ने कहा कि जिला पुलिस के जवानों की हाईवे पर गश्त और ट्रैफि क प्वाइंट्स पर तैनाती कर दी गई है।

# 'आई लव घुमारवीं' सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र




**टीम एक्शन इंडिया/घुमारवीं/नीरज शर्मा**
शहर की पहचान से संबंधित सेल्फ ी प्वाइंट बनाए जाते हैं। उसी को देखते हुए अब घुमारवीं शहर में भी सेल्फ ी प्वाइंट का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग 103 के पास पुराने पुल के पास आई लव घुमारवीं के नाम से प्रशासन द्वारा सेल्फ ी प्वाइंट बनाया गया है। सेल्फी प्वाइंट बनने के बाद ही बच्चों और युवाओं में सेल्फ ी लेने का क्रेज देखने को मिल रहा है। प्रशासन द्वारा बनाए गए सेल्फ ी प्वाइंट के बनने के बाद ही सोशल मीडिया पर आई लव घुमारवीं की धूम देखने को मिल रही है। युवा सेल्फी प्वाइंट पर जाकर अपनी सेल्फ ी क्लिक कर रहे हैं। उसके पश्चात सोशल मीडिया पर अपनी फोटो को शेयर कर रहे हैं। शहर में वैसे तो लोग कहीं भी खड़े होकर सेल्फ ी ले लेते हैं मगर ऐसा कोई विशेष स्थान नही था जहां फोट खींच सकते थे। इसी को देखते हुए प्रशासन ने भी पहल करते हुए इसे स्थापित किया है। वही इसके सौन्दर्यकरण के लिए नगर परिषद द्वारा सेल्फ ी पॉइंट के पास टाइल लगवाने के अलावा लोगों की सुविधा के लिए बेंच भी लगाए जाएंगे ताकि गर्मियों के दिनों में यहां घूमने आने वाले लोग आराम कर सके।
सीर खड्ड के किनारे बनाए गए इस सेल्फ ी प्वाइंट पर शहरवासी अब रात को घूमने और बैठने का आनंद उठा सकेंगे ।यही नहीं इस सेल्फ ी पॉइंट की तरफ लोगों को आकर्षित करने के लिए इसके चारों ओर एलईडी लाइट लगाई जाएगी।

# पांवटा की दवा कंपनी में इनकम टैक्स की रेड




**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब में औद्योगिक क्षेत्र गोंदपुर में एक दवा कंपनी में आज इनकम टैक्स ने छापामारी की है। वहीं इस छापामारी से उद्योगपतियों में हडकंप मच गया है। फि लहाल फैक्ट्री के रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है।बता दें पंजाब, हरियाणा और राजस्थान नंबरों की 7 गाडि?ों में 15 से 20 लोग अचानक फैक्ट्री परिसर में पहुंचे। किसी को भी अंदर से बाहर और बाहर से अंदर नहीं आने दिया जा रहा है। रात की शिफ्ट वाले कर्मचारी भी अंदर ही रुके हैं, जबकि सुबह की शिफ्ट में अंदर जाने वाले को बाहर रोक दिया गया है।इनकम टैक्स विभाग की इस अचानक हुई रेड की बाबत किसी को भी कानो कान खबर नहीं लगी। जानकारी तो यह भी है कि जी लैबोरेट्री ग्रुप का सोलन में एक लग्जरियस होटल भी है। बरहाल इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के पीआर की ओर से फि लहाल कोई जानकारी अभी तक मीडिया के साथ शेयर नहीं की गई है। रिकॉर्ड में क्या कमियां पाई गई हैं और किन कारणों को लेकर के इनकम टैक्स की यह रेड हुई है इसकी जानकारी अभी तक नहीं मिल पाई है।

## सेरी मंच पर मनाया जाएगा क्षेत्र में हिमाचल दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
76वां हिमाचल दिवस का जिला स्तरीय समारोह 15 अप्रैल को मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह करेंगे। यह जानकारी डीएसपी देवराज ने दी। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण मंत्री 15 अप्रैल सुबह 11 बजे ध्वजारोहण कर भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे, परेड का निरीक्षण करेंगे और अपना शुभ संदेश देंगे।

# ईम्युनिटी बढ़ाने के लिए गिलोय को करें खाने की तरह दिनचर्या में शामिल: डॉ. तारादेवी सेन



**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
कोरोना वायरस ने एक बार फिर से हमारे प्रदेश में पैर पसारना शुरू कर दिए हैं। इससे बचने के लिए हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में गिलोय जैसे इम्यूनिटी बढ़ाने वाले पौधों को शामिल करने की जरूरत है। गिलोय जिसको अमृता भी कहा जाता है औयुर्वेद के उन कुछ पौधों में आता है जोकि लगभग हर बिमारी के उपचार में उपयोगी है इसलिए इसका उपयोग कई बीमारियों से बचाव के साथ-साथ हमारी रोगप्रतिरोघ क्षमता को भी बढ़ाएगा। वैसे तों गिलोय को ताजा चबा के या काढ़े के रूप में लिया जाता है लेकिन बच्चे इस तरह से गिलोय को इसके कसैले स्वाद के कारण लेने से कतराते हैं और बड़े भी आमतौर पर इस भागदौड़ की जिंदगी में अधिक दिनों तक इसतरह से गिलोय को नहीं ले पाते। कुछ लोग पतंजलिकी गिलोय वटी लेना पसंद करते है पर यह भी कहीं न कहीं हमें एक रोगी का अनुभव दिलाती है और बच्चे भी इसे रोज रोज लेना पसंद नही करेंगे। ऐसे मैं गिलोय को दिनचर्या में सम्मिलित करने का सबसे आसान तरीका है कि इसे सूखा कर पाउडर कर लें और प्रति व्यक्ति के हिसाब से छोटे चम्मच का एक चौथाई हिसा आटे में मिला कर रोटी बनाए इस तरह घर के सभी लोग इसे 1 उचित मात्रा में ले सकते है। इस तरह गिलोय का कसेला स्वाद भी महसूस नहीं होता। गिलोयपाउडर को हलवे या अन्य पारंपरिक व्यंजन सीरा अथवा हलवा में मिला कर भी खाने में उपयोग किया जा सकता है। पुराने समय में गिलोय के तने या शाखाओं से सीरा बनाना एक आम बात थी और यह मानाजाता था कि साल मैं अगर दो से तीन बार सिरे का हलवा या सीरा खालें तो कई बीमारियों से बचा जा सकता हैं लेकिन सीरा बनाने की प्रक्रिया जटिल होने के कारण गिलोय का सीरा विलुप्त होने वाली रेसिपी में शामिल हो चुका है।

**गिलोयपाउडर और सीरा बनानेकी विधि**
डा. तारा सेन ने बताया कि गिलोय का पाउडर तैयार करने के लिए इसकी शाखाओं और एरियल जड़ों को पानी के अंदर डुबोया जाता है, इससे उनकी त्वचा नरम हो जाती है। सूखने के बाद ये आसानी से पाउडर की जा सकती हैं।

# शहरी आजीविका मिशन समिति ने किया सराहनीय कार्य



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में शहरी आजीविका मिशन समिति से जुड़ी हुई महिलाओं के द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया है। समिति से जुड़ी सभी महिलाओं के द्वारा जून 2022 में मानसिक रूप से परेशान एक महिला को रेस्क्यू किया गया था और समिति के द्वारा ही उसे इलाज के लिए शिमला के बालूगंज अस्पताल भेजा गया था। ऐसे में अब महिला पूरी तरह से स्वस्थ हो गई है। समिति की उपाध्यक्ष तृप्ता शर्मा ने बताया कि जब जून 2022 में सूचना मिली थी कि एक महिला मानसिक रूप से बीमार है और उसकी काफी बुरी हालत है। तो ऐसे में वह उस महिला के घर पहुंचे और उसे रेस्क्यू किया गया। पहले उसका ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में इलाज किया गया। लेकिन उसकी स्थिति को देखते हुए उसे शिमला भेज दिया गया। ऐसे में अब महिला इलाज के बाद पूरी तरह से स्वस्थ है और अब महिला को वापस घर लाया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में भी सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा इस महिला का विशेष ध्यान रखा जाएगा और उसकी मदद भी की जाएगी। इस दौरान प्रधान पूनम पराशर उपप्रधान तृप्त शर्मा कोषाध्यक्ष बिमला सचिव रोमा और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सभी विभाग कार्य योजना बनाकर कार्य करना सुनिश्चित बनाएं: जगत सिंह नेगी



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**
राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जिला के सभी विभाग कार्य योजना बनाकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित बनाएं। उन्होने कहा कि गुणात्मक शिक्षा, बेहतर सडक नेटवर्क तथा बागवानी उनकी विशेष प्राथमिकता में है। उन्होने विभागीय अधिकारियों को सरकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा पात्र लोगों को लाभान्वित करने की दृष्टि से कार्यालय छोड़ फील्ड में उतकर ग्रामीण स्तर पर योजनाओं से जोड? पर बल दिया। उन्होने बैठक में अनुपस्थित रहे अधिकारियों की जबाव तलबी के भी निर्देश दिए। जगत सिंह नेगी आज आईटीडीपी के सभागार में जिला स्तर के समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।
उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि स्कूलों में प्रतिस्पर्धा विकसित करने के लिए जिला स्तर पर रैंकिंग व्यवस्था को शुरू किया जाएगा तथा जो स्कूल वर्ष भर में जिला में बेहतर प्रदर्शन करेंगे उन्होंने पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाईट को अध्यापकों की कार्य कुशलता बढ़ाने व तकनीकी तौर पर दक्ष बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कम संख्या वाले स्कूल के नजदीकी स्कूल में समायोजन को लेकर भी विभागीय अधिकारियों को स्कूल प्रबंधन समितियों के साथ व्यापक विचार विमर्श कर कार्य करने के भी निर्देश दिए ताकि एक ही स्कूल में बच्चों अध्यापकों सहित तमाम सुविधाएं मुहैया करवाई जा सके। उन्होने भावानगर स्थित प्रोजेक्ट स्कूल के सरकारीकरण बारे भी मामला जल्द सरकार को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को जिला के सभी ब्लैक स्पॉट तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर उन्हें दुरूस्त करने तथा संबंधित क्षेत्र में जागरूकता व साइन बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। साथ ही जिला के राजमार्ग के साथ.साथ सभी संपर्क मार्गों में माइलस्टोन व सूचना बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए ताकि स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों को क्षेत्र की सही जानकारी मिल सके। उन्होंने रूपी सडक के विवादित प्वाईंट के मामलों को भी जल्द हल करने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि हांगो व खवांगी पवारी सडक के टैंडर जारी हो गए हैं तथा जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

# परिवहन निगम के कर्मचारियों को पगार का भुगतान करें सरकार: संजय बडवाल



**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय**
हिमाचल पथ परिवहन निगम के लगभग 12000 कर्मचारियों को मार्च माह का बेतन ना मिलने से कर्मचारियों को सरकार व विभाग से गहरा रोश पनपा है। हिमाचल ट्रांसपोर्ट वर्करज यूनियन एटक के प्रदेश महा सचिव संजय बडवाल ने जारी ब्यान में कहा है कि वेतन समय पर न मिलने से निगम के समस्त कर्मचारी कई प्रकार की वितीय समस्या से जूझ रहें हैं लेकिन चालक व परिचालक एक वर्ग ऐसा भी हैं जिसे रात्रि सेवा एवं लम्बे रूटों एवं दूरदराज क्षेत्रो में अपनी सेवा दिन रात देनी पड़ती हैं ओर समय पर बेतन मिलने की उम्मीद होती है। बडवाल ने कहा है कि ओवर टाईम व रात्री भत्ता मिलना तो दूर कर बात पगार भी समय पर ना मिलने से निगम के कर्मचारी सरकार से खफा हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सुखू तथा उपमुख्य मंत्री एवं परिवहन मन्त्री मुकेश अग्निहोत्री व निगम प्रवंधन से अनुरोध हैं कि निगम के कर्मचारियों को सही समय पर मासिक बेतन व नाईट ओवर टाइम व अन्य भत्ते समय पर देने की कृपा करें।

# पीज से ढालपुर पैराग्लाइडिंग आरम्भ होने से कुल्लू में लगेंगे पर्यटन को पंख : सीपीएस सुंदर ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
मुख्य संसदीय सचिव वन पर्यटन, ऊर्जा एवं परिवहन सुंदर सिंह ठाकुर ने आज पीज से ढालपुर मैदान को पैराग्लाइडरों को हरी झंडी दिखाकर पीज पैराग्लाइडिंग साईट का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कुल्लू में इससे पर्यटन को पंख लगेंगे व स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्य संसदीय सचिव पर्यटन ऊर्जा एवं परिवहन ने उसके उपरांत ढालपुर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि पीज से पैराग्लाइडिंग आरंभ होने से मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा मनाली विंटर कार्निवाल के दौरान की गई घोषणा को अमलीजामा पहनाया गया है तथा कुल्लू के पर्यटन में



एक और सुनहरा पंख लगा है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों को पीज से कुल्लू की पैराग्लाइडिंग साइट पर पैराग्लाइडिंग का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा। साथ ही इसमें यहां के युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन हितैषी नीतियों तथा विकास कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही यहां पर एक राष्ट्रीय स्तर का पैराग्लाइडिंग इवेंट को आयोजित किया जाएगा ताकि अनुभवी राष्ट्रीय स्तर के पैराग्लाइडर पायलटों द्वारा यहां उड़ान भरी जाए जिससे यह क्षेत्र पर्यटन के नक्शे पर और अधिक उभर कर आएगा तथा देश की बेहतर पैराग्लाइडिंग साइट्स में शुमार होगा उन्होंने कहा कि पीज में पैराग्लाइडिंग साईट को पर आवश्यक सुविधाओं को विकसित किया जाएगा जिनमें पार्किंग, वे साइड एमेनिटीज इत्यादि का प्रावधान किया जाएगा।इस पैराग्लाइडिंग के शुभारंभ के मौके पर 50 पायलटों ने अपने पैराग्लाइडर्स के साथ पीज से ढालपुर मैदान के लिए उड़ान भरी तथा यहां उपस्थित जनसमुदाय ने उनका स्वागत किया। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि शीघ्र ही पर्यटन के क्षेत्र में नए परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने का कार्य शुरू किया जाएगा, जिसमें से कि अति महत्वपूर्ण पीरडी से बिजली महादेव रोपवे भूतनाथ पुल को पुनः आवागमन के लिए तैयार करना, बिजली महादेव सडक का विस्तारीकरण,बरेली से भुंतर शाला बाई तक के लिए रिवर राफ्टिंग जैसे कार्य शीघ्र शुरू किए जाने हैं।इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी प्रशांत सरकेक ने मुख्य अतिथि का पारंपरिक रूप से स्वागत व अभिनंदन किया नगर परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मंत्र महंत ने मुख्य अतिथि व उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया
इस अवसर पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी दीप्ति मंढोत्रा, विधानसभा कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हिम सिंह ठाकुर सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला एकता ग्राम संगठन ने वीकली मार्केट का किया शुभारंभ




**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी** विकास खंड बंगाणा के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बने स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर की ओर बढ़ रही है। बुधवार को महिला एकता ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा पीपलू ग्राम पंचायत में वाशिंग पाउडर बनाकर स्टॉल लगाकर वीकली मार्केट का शुभारंभ किया। महिलाओं ने बताया कि हर सप्ताह बाजार में समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों का स्टॉल लगाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी हमने कुछ दिन पहले ही वाशिंग पाउडर बनाया है, जिसकी आज हर घर पर जरूरत है और लोगों की अच्छी मांग आ रही है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बताया कि हमने आज 50 किलो से ऊपर वाशिंग पाउडर लोगों को बेचा है। इस अवसर पर बीडीसी सद्स्य राज कुमार, विकास खंड बंगाणा से क्षेत्रीय समन्वयक सुखदेव, महिला एकता ग्राम संगठन की प्रधान सुरेंद्रा, सचिव सुमन गुलेरिया, रंजना, दर्शना, राज कुमारी, शिवानी, रिंपी, रेखा, नीता, मीना, अनुराधा व शांति सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को इस सरकार से काफी उम्मीदें हैं: ठाकुर देवीलाल

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**
बुधवार को सोलन में हिमाचल प्रदेश कॉर्पोरेट सेक्टर सेवानिवृत्त कर्मचारी के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर देवीलाल ने कहा कि पूर्व की बीजेपी सरकार ने उन्हें बेवकूफ बनाकर रखा।
कर्मचारी बार-बार अपनी मांग को लेकर उनके पास गए लेकिन उनकी मांगों को अनदेखा किया गया। उन्होंने बताया कि लंबे समय से पेंशन की मांग कर रहे हैं। बीती



सरकार में उनकी यह मांग पूरी नहीं हो पाई लेकिन कर्मचारियों को इस सरकार से काफी उम्मीद हैं। बुधवार को सोलन में ठाकुर देवीलाल ने कहा कि वर्ष 1999-2004 में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को पेंशन का लाभ मिल रहा है, लेकिन 2004 के बाद सेवानिवृत्त हुए 6730 कॉर्पोरेट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन नही मिल रही है। उनके पदाधिकारी वर्तमान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भी मिले हैं लेकिन उन्हें डेढ़ महीने बाद मिलने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को जल्द ही बातचीत के लिए बुलाया जाना चाहिए। हम सिर्फ अपनी मेहनत का पैसा मांग रहे हैं। इसके लिए हम हर प्रकार से सरकार को सहयोग करने के लिए भी तैयार है।

## 15 वर्षीय नाबालिग दो दिनों से लापता

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
महिला थाना ऊना के तहत एक गांव की 15 वर्षीय नाबालिग पिछले दो दिनों से लापता है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदा बेटी की तलाश शुरू कर दी है। पिता ने एक व्यक्ति पर बेटी को बहला फुसला कर भगाने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में मंगलवार सुबह बेटी स्कूल पढ? के लिए घर से निकली थी। शाम को बेटी वापिस न आई, तो तलाश शुरू की, लेकिन बेटी का कोई पता नहीं चला। ऐसे में ऊना बस स्टैंड में सीसीटीवी फुटेज देखा, तो पाया कि बेटी पंजाब रोडवेज की बस में बैठी हुई थी और एक व्यक्ति से इशारों में बातचीत कर रही थी। ऐसे में शक है कि व्यक्ति ही बेटी को भगाकर ले गया है।

# विक्रमादित्य सिंह ने की केंद्रीय युवा कार्य व खेल मंत्री से भेंट

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने गत दिवस को केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा युवा कार्य व खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर से भेंट की।
इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिमला के कटासनी में शूटिंग रेंज स्थापित करने के लिए भूमि चयनित की गई है। यहां पर निशानेबाजी के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में यहां बहुद्देशीय खेल स्टेडियम तथा आठ लेन का 400 मीटर एथलेटिक ट्रैक निर्मित किया



जाना प्रस्तावित था। परंतु इसके लिए यह स्थल उपयुक्त नहीं पाया गया। ऐसे में यहां पर 'स्टेट ऑफ आर्टइ शूटिंग रेंज तथा इंडोर बाक्सिंग हॉल व अन्य इंडोर खेलों के लिए बहुद्देशीय हॉल के निर्माण का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित शूटिंग रेंज में 10 मीटर, 25 तथा 50 मीटर शूटिंग रेंज, फ इनल प्रतियोगिता के लिए शूटिंग रेंज हॉल, मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए इंडोर हॉल तथा अन्य दूसरी इंडोर खेलों के लिए स्टेडियम निर्मित करने का प्रस्ताव है।विक्रमादित्य सिंह ने केंद्रीय मंत्री से इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया ताकि यहां खेल अधोसंरचना के विकास के लिए विशेषज्ञ व अनुभवी सलाहकार नियुक्त करने के साथ ही प्रस्तावित शूटिंग रेंज का प्राक्कलन तैयार करने की प्रक्रिया आरम्भ की जा सके। उन्होंने कहा कि शूटिंग रेंज स्थापित होने से प्रदेश के युवा निशानेबाजी में अपनी प्रतिभा में निखार लाते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकेंगे। केंद्रीय मंत्री ने इस बारे में हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

## न्यूज फ्लैश

### एनआर हॉस्पीटल चांदपुर में केवल लैंस के खर्चे पर होंगे आंखों के आपरेशन: पूजा पाल

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**
गुणवता, विश्वसनीय एवं सफल इलाज के लिए प्रसिद्ध जिला बिलासपुर के एनआर हॉस्पीटल चांदपुर में 15 से 17 अप्रैल तक आंखों के आपरेशन के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए एनआर हॉस्पीटल के एमडी पूजा पाल ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस नेत्र रोग जांच एवं आपरेशन शिविर में बहुत कम दामों पर मोतिया के आपरेशन किए जाएंगे जबकि आंखों की जांच निशुल्क होगी। केवल लैंस के खर्चे पर जरूरतमंदों के आपरेशन होंग। उन्होंने बताया कि इस शिविर में चिकित्सक की कोई फीस नहीं ली जाएगी और न ही आपरेशन थियेटर का कोई खर्चा जोड़ा जाएगा। एमडी पूजा पाल ने बताया कि इस शिविर में भारत के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. सागर सी उदासी (चेन्नई) स्वयं मरीजों की जांच व आपरेशन करेंगे। उन्होंने बताया कि सफेद मोतियाबिंद का इलाज बिना टीका, बिना टांका, बिना बिना दर्द के दूरबीन विधि से किए जाते हैं। नेत्र रोग से संबंधी सभी विकारों का इलाज कंप्यूरराइज्ड मशीनों द्वारा किया जाता है। एमडी पूजा पाल ने जनता से इस विशेष शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### अप्पर अंदौरा में चोरों के हौसले बुलंद, प्राथमिक स्कूल को बनाया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
उपमंडल अंब में चोरों के हौंसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं। ताजा मामला अप्पर अंदौरा का है, जहां पर चोरों ने राजकीय प्राथमिक स्कूल को निशाना बनाया है। अज्ञात शातिरों ने स्कूल में रखें हजारों रुपये का सामान चोरी किया है। इतना ही नहीं कुर्सियों को भी चोरी किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि 9 और 10 अप्रैल की मध्य रात्रि को चोर गिरोह में सेंधमारी करके स्कूल की रसोई से बच्चों को परोसे जाने वाले मिड-डे-मिल के राशन के अलावा तीन बड़े पतीले, दो 20-20 लीटर के कुक्कर, दो कड़ाही, 56 थालियां, पानी की पाईप रोल, वाटर प्यूरीफायर सहित दस कुर्सियां चोरी करके ले गए। स्कूल प्रबंधन को चोरी की इस वारदात दूसरे दिन पता चला, जब सुबह मल्टीटास्क वर्कर स्कूल पहुंची, तो वह नजारा देखकर दंग रह गई। मल्टीटास्क वर्कर द्वारा जांच करने पर पाया कि रसोई घर के ताले टूटे हुए हैं और अंदर रखा उक्त यह सारा सामान गायब था।

# पदमश्री नेक राम शर्मा का सार्वजनिक अभिनंदन करेगी साक्षरता समिति

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति पदमश्री नेक राम शर्मा का सार्वजनिक रूप से अभिनंदन करेगी। समिति कार्यालय सौली खड्डु में कार्यकारिणी की बैठक में यह फैसला लिया गया जिसकी अध्यक्षता समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नगर निगम के पार्षद राजेंद्र मोहन ने की। इस अवसर पर पदमश्री से नवाजे गए साक्षरता एवं जन विज्ञान आंदोलन के सक्रिय सदस्य रहे नेक राम शर्मा को पारंपरिक अनाज के संरक्षण और संवर्धन के लिए भारत की राष्ट्रपति की ओर से देश के उच्चतम सम्मान पदमश्री से नवाजे

**8 परिस्थितियों के अनुरूप आर्थिक स्वावलंबन के कार्यक्रमों को चलाएगी समिति: राजेन्द्र मोहन**

जाने पर उन्हें बधाई दी गई। यह निर्णय भी लिया गया कि समिति की ओर से सेरी मंच पर पदमश्री नेक राम शर्मा सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा। उनके द्वारा पारंपरिक अनाजों को लेकर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा जिसमें समिति के पुराने कार्यकताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस अवसर पर समिति द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा भी



कार्यकारिणी द्वारा की गई जिसमें सुक्ष्म बीमा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि समिति ने अब तक दो लाख से भी अधिक लोगों तक अपनी पहुंच बनाई है। मंडी जिला के अलावा कुल्लू, कांगड़ा और हमीरपुर जिलों के 26 ब्लॉकों में भी समिति का कार्य हो रहा है। बीते वर्ष 190 लोगों के डैथ क्लेम दिए गए जो करीब एक करोड़ से अधिक की राशि बनती है। इसके अलावा नाबार्ड पोषित विभिन्न परियोजनाओं की भी बैठक में समीक्षा की गई। समिति द्वारा पारंपरीक अनाजों को दोबारा लाने के लिए बीज बैंक योजना को बढ़ावा दिया जाएगा। बैठक में यह भी बताया गया कि नाबार्ड की ओर से स्वीकृत परियोजना सरोआ हैंडलूम कंपनी की सदस्यता अब तक 415 हो गई है जिसे पांच सौ तक पहुंचाने के अलावा कंपनी का शेयर कैपिटल पांच लाख पंद्रह हजार हो चुका है। परियोजना के कॉमन फैस्लिटी सैंटर भवन के लिए सरोआ गांव में जमीन कंपनी के नाम हो गई है।

## भदौड़ी में रास्ता रोककर दंपति से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
पुलिस थाना हरोली के तहत भदौड़ी में रास्ता रोककर एक दंपति से मारपीट हुई है। मारपीट में दोनों को चोटें पहुंची है, जिनका स्थानीय अस्पताल में उपचार करवाया गया। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में तरलोक चंद निवासी भदौड़ी ने बताया कि गत दिवस गांव के ही सोनिका देवी, पुष्पा देवी व विजय कुमार ने इसका व इसकी पत्नी का रास्ता रोककर मारपीट की। मारपीट में तरलोक चंद व उसकी पत्नी चोटिल हुई है।

# रॉकफोर्ड स्कूल में विद्यारंभ संस्कार समारोह आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
रॉकफोर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल रक्कड़ कॉलोनी में बुधवार को विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया। समारोह में संत बाबा बाल जी महाराज ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया। सर्वप्रथम भगवान गणेश और माता सरस्वती की विधिवत पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान करवाया गया।
कार्यक्रम के दौरान नन्हे विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी विशेष रूप से हिस्सा लिया। संत



बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि विद्यारंभ संस्कार शैक्षणिक जीवन के शुभारंभ पर आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि विद्या की देवी माता सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए बच्चों को अक्षर ज्ञान करवाया जाता है, उसके साथ ही उनके उज्जवल भविष्य को लेकर कामना भी की जाती है। इसके साथ-साथ भारतीय संस्कृति और सभ्यता का बोध बच्चों को करवाने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में प्रतिवर्ष नए सत्र के दौरान नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले नन्हे विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान करवाने के लिए विद्यारंभ संस्कार समारोह का विशेष आयोजन रहता है। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक विनोद आनंद, स्कूल प्रिंसिपल शगुन सिक्का और शिक्षिकाओं समेत अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# आदर्श आचार संहिता लागू करने के लिए लगातार निगरानी करें अधिकारी: आदित्य नेगी



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
नगर निगम चुनावों के लिए तैनात अधिकारी और कर्मचारी आदर्श आचार संहिता को पूर्णतरू लागू करने के लिए लगातार प्रयास करें। संदिग्ध धन निकासी, शराब के ठेकों और अनैतिक कार्यों पर विशेष नजर रखें ताकि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव आयोजित हो सकें। नगर निगम चुनावों में विभिन्न तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक के दौरान आज ये बात जिला निर्वाचन अधिकारी/उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने कही। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी चुनावों के दौरान राज्य चुनाव आयोग के दिशा निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंक के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि अधिक मात्रा में होने वाली धन निकासी, संदेहास्पद लेनदेन पर नजर बनाए रखें और इसे आयोग को सूचित करें। साथ ही उन्होंने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर के शराब के ठेकों के साथ-साथ शहर के साथ लगते शराब के ठेकों पर भी नजर बनाए रखें। यदि किसी शराब के ठेके की बिक्री में असामान्य उछाल देखने को मिलता है तो आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने शहर से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने वाले होर्डिंग को हटाने के मामले पर भी फीडबैक लिया।आदित्य नेगी ने संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों को लेकर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की। पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ नामांकन प्रक्रिया से लेकर चुनाव समाप्ति तक सुरक्षा व्यवस्था पर भी उन्होंने विचार विमर्श किया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए चार निगरानी टीमें भी गठित की जाएंगी। इस दौरान एडीएम राहुल चौहान ने जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार नामांकन के समय 4 से ज्यादा व्यक्ति नामांकन कक्ष में दाखिल नहीं होंगे। साथ ही नामांकन कक्ष के 100 मीटर दायरे में वाहन का प्रयोग भी वर्जित होगा।

# शहर का बिला राउंड और यशवंत बिहार बगैर स्ट्रीट लाइट

## विधायक ने लिया कड़ा संज्ञान बोले कामना करने वाले अधिकारियों को भुगतना होगा परिणाम

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
शहर में पटरी से उतर रही कई अव्यवस्थाओं को लेकर विधायक अजय सोलंकी अब फ ॉर्म में आ गए हैं। शहर के कुछ हिस्सों से स्ट्रीट लाइट के कई दिनों से बंद रहने के चलते उन्होंने कड़ा संज्ञान लिया है।बता दें कि पिछले कुछ दिनों से शहर के विला राउंड क्षेत्र तथा यशवंत विहार आईटीआई आदि क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट की रोशनी गायब है। हालांकि इस समस्या की बाबत नाहन नगर परिषद पूरी तरह से पलके मूंदे बैठी है। वही विधायक अजय सोलंकी के संज्ञान में आते ही



उन्होंने जल्द से जल्द स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बहाल करने के लिए कड़े निर्देश भी जारी किए हैं।यशवंत बिहार में जागरूक महिला प्रमिला ठाकुर रंजना गुड्डी मीनाक्षी सहित राजेश ठाकुर धीरज वालिया सुरेंद्र ठाकुर राजन आदि स्थानीय निवासियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से इस कॉलोनी की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी है।इन लोगों का कहना है कि बिजली बोर्ड के एसडीओ अक्सर सीट पर मिलते नहीं हैं। यही नहीं उनकी निष्क्रियता के चलते शहर की विद्युत व्यवस्था केवल अधिशासी अभियंता पर ही निर्भर हो गई है।इन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट ना जलने के चलते नशेड़ी और शराबियों के लिए बैठने का ठिकाना बन गया है। तो वही जंगल के नजदीक होने के कारण अंधेरे में खतरनाक जानवरों और जहरीले जीव जंतुओं का डर भी सताने लग पड़ा है।यही नहीं नाहन मेडिकल कॉलेज का हॉस्टल भी यशवंत बिहार में है जहां प्रशिक्षु डॉक्टर रात को भी इमरजेंसी ड्यूटी देकर वापस हॉस्टल आते हैं। मगर कॉलोनी के पूरे तरह से अंधेरे में बगैर स्ट्रीट लाइट के हर वक्त उन्हें असामाजिक तत्वों का भी डर बना रहता है।यशवंत विहार कॉलोनी की महिला शक्ति विंग की प्रधान प्रमिला ठाकुर ने विधायक अजय सोलंकी से निवेदन करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों को जल्द से जल्द सुचारू किया जाए।वहीं अधिशासी अभियंता राहुल राणा ने बताया कि यशवंत विहार से ट्रीट लाइट बंद होने की उन्हें अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने बताया कि वह अपनी शिकायत लेकर एसडीओ के पास गए थे मगर वह उन्हें मिले नहीं थे। विला राउंड की लाइट को लेकर उन्होंने कहा कि वहां जैन बंधुओं द्वारा बनाए जा रहे फ्लैट्स के लिए रूमेटेल डालने के दौरान ट्रक ने बिजली के पोल तोड़ दिए थे।उन्होंने कहा कि बिजली के पोल आज ठीक कर दिए गए हैं कल इस क्षेत्र में भी स्ट्रीट लाइट व्यवस्था बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि यशवंत विहार में भी उन्होंने विद्युत कर्मियों को व्यवस्था बहाल करने के लिए आदेश जारी कर दिए हैं।

## हिमाचल दिवस परेड को लेकर किया पूर्वाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
छठी हिमाचल प्रदेश (स्वतंत्र) कंपनी एनसीसी यूनिट ऊना के अंतर्गत पड़ते विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेटस व एनएसएस स्वयंसेवकों समेत अन्यों ने बाल स्कूल ऊना के खेल मैदान में 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के उपलक्ष्य पर होने वाली जिला स्तरीय परेड को लेकर पूर्वाभ्यास किया। इस मौके पर एनसीसी की ओर से कमांडिंग आफिसर कर्नल आरके सैणी, सूबेदार सुनील व हवलदार छैल सिंह मौजूद रहे।


## न्यूज फ्लैश

### खेलों में है रोजगार के बेहतर अवसर : योगेश



**सोनीपत:** स्पोर्टिंग नेशनल फुटबॉल क्लब,सोनीपत द्वारा एसएम हिंदू फुटबॉल अकैडमी में सब जूनियर व जूनियर वर्ग की इनामी फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन अवसर पर भाजपा ज़िला महामंत्री योगेशपाल अरोड़ा ने बतौर मुख्यअतिथि पहुँचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा की आज बदलते दौर में स्कूल और कॉलेजों में भी खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। अब खेल भी रोजगार के लिए एक अच्छा जरिया बनकर उभर रहा है। भारत सरकार ने विभिन्न खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की पहल शुरू की है। भारत खेल प्राधिकरण की योजना खेलों इंडिया यूथ गेम्स है,जिसका उदेश्य जमीनी स्तर के खिलाड़ियों का उत्थान करना है और देश के हर गाँव में छुपे हर रत्न को तराश कर उसे नयी उचाईयों तक पहुँचने का काम कर रहा है ।सरकार द्वारा स्पोर्ट्स स्कूलों की शुरूआत की गई है,जो की खिलाड़ियों के लिए और सुरक्षित वातावरण प्रदान करते हैं,जहाँ एथलिट अपने कौशल को सुधार कर सकते हैं।

### वरुण चोपड़ा, तापी घई, यश चन्द्र मोहम्मद संजू ने पहले दिन बढाई बढ़त



**चंडीगढ़:** अमेरिकी वरुण चोपड़ा, गुरुग्राम के तापी घई, मैसूर के यश चन्द्र और कोलकाता के मोहम्मद संजू ने चार अंडर – 68 के साथ पहले दिन चंडीगढ़ गोल्फ कल्ब में आयोजित की जा रही एक करोड़ की ईनामी राशि वाली टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स चैम्पियनशिप 23 में बढ़त बना ली है। हवाओं के बीच पहले दिन लीडरबोर्ड पर सात गोल्फर्स विद्यामान है जो कि 69 की बढ़त से मात्र एक शाट पीछे पांचवें स्थान में टाई पर हैं। इस दौड़ में दिल्ली के सचिन बैसोया, चंडीगढ़ के हरेन्द्र गुप्ता, डिफेंडिंग चैंम्पियन युवराज सिंह संधू और अक्षय शर्मा आपस में कड़ी चुनौती दे रहे हैं। तीन अन्य प्लेयर्स जो पांचवे स्थान के लिये टाई पर हैं उनमें मरी मुथु, हर्ष गंगवार और दिव्यांशु बजाज शामिल हैं। गत सप्ताह मास्टर्स में स्पेन के जान रहम के विजयी प्रदर्शन से प्रेरित होकर वरुण चोपड़ा ने टूनार्मेंट के अपने शुरूआती होल में डबल बोगी की अपनी निराशा पर काबू करते हुये शानदार प्रदर्शन किया और इसके पश्चात उन्होंनें छह बर्डी लगाई। इसी साल फरवरी में कोलकाता में आयोजित पीजीटीआई में संयुक्त उपविजेता रहे शिकागो (यूएस) के वरुण ने 15 से 30 फीट की रेंज से तीन बर्डी तबदील किये और बर्डी के लिये दो पुट पर कैश किया। 23 वर्षीय चोपड़ा ने अपने छठे बर्डी के लिये पिन के तीन फीट के भीतर अपना शाट लगाया। यश चंद्रा और तापी घई दोनों ने अपने पहले दौर में सात बर्डी और तीन बोगी की। यश ने 15 फीट की दो बर्डी लगाई। मोहम्मद संजू ने एक डबल बोगी के साथ एक ईंगल और चार बर्डी जोड़ी। सचिन बैसोया ने लगातार दूसरे सप्ताह होल–इन–वन किया क्योंकि उन्होंनें नोएडा में आयोजित इस टूर्नामेंट में भी ऐस लगाया था।

### ट्रेंड्स ने किया अपना विस्तार, कुराली में खोला अपना नया स्टोर




**कुराली (मोहाली):** देश की सबसे बड़ी और तेजी से बढ़ती एपेरल और एक्सेसरीज की रिलायंस रिटेल की स्पैशलिटी चैन – ट्रेंड्स ने अपने विस्तार को मजबूती देते हुये कुराली में अपना स्टोर खोला है। कंपनी ने देश में मेट्रो, मिनी मेट्रो, टियर 1 और 2 शहरों तथा छोटे छोटे कस्बों में ग्राहकों तक अपनी पहुंच और संपर्क मजबूत कर फैशन को घर घर पहुंचाने का प्रयास किया जबकि ट्रेंड्स भारत का मनपंसद फैशन स्थल है। नया खुला यह स्टोर आधुनिक शैली से बनाया गया है और यहां फैशन का सामान किफायती दरों पर उपलब्ध है। 4753 स्केयर फीट में फैला यह स्टोर कुराली के अपने ग्राहकों को लांच के तहत बेहतरीन फैशन और जबरदस्त कीमतों पर सामान विशेष ऑफर के माध्यम से प्रदान करवा रहा है। ऑफर 3999 रुपये की खरीद पर 249 रुपये का उपहार प्राप्त किया जा सकता है जबकि 3999 रुपये की खरीदारी पर ही 2000 रुपये का नि:शुल्क कूपन भी प्राप्त किया जा सकता है।

# विधायक व मेयर शहर में नहीं करा रहे विकास कार्य : ललित

## विधायक व मेयर के विकास कार्य नहीं कराने के चलते शहर में हालात बदतर हो गए हैं : ललित बत्रा

**टीम एक्शन इंडिया/संजीव कौशिक/सोनीपत**

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता व प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लोकसभा संयोजक एवं सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो के पूर्व चेयरमैन ललित बत्रा ने कहा कि विधायक सुरेंद्र पंवार व मेयर निखिल मदान के विकास कार्य नहीं कराने के चलते शहर में हालात बदतर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक की अब तक के कार्यकाल में एक भी उपलब्धि नहीं है जिसे वह सार्वजनिक मंच से बता सके। शहर में न सड़क बनवाई जा रही हैं और न ही पेयजल व सीवरेज की समस्याओं का समाधानकरवाया

> 8 विधायक की अब तक के कार्यकाल में एक भी उपलब्धि नहीं है जिसे वह सार्वजनिक मंच से बता सकें

जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मेयर भाजपा पार्षदों के साथभेदभाव कर रहे हैं और कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर केवल कांग्रेस पार्षदों के वार्डोंमें काम करा रहे हैं। वह बुधवार को सेक्टर-14 स्थित कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विधायक ने सरकारसे मिलने वाले 5 करोड़ रुपये शहर में किस काम पर लगाए हैं, उन्हें इस बारे में बताना



चाहिए। वह सिर्फ फोटो खिंचवाने में लगे हैं, जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा। सीवर,सडक, पेयजल जैसी समस्याओं को लेकर लोग भटक रहे हैं, लेकिन विधायक के पास जाने पर सिर्फआश्वासन मिलते हैं। कई जगह ऐसी हैं जहां पर आज तक पेयजल की लाइन तक नहीं बिछाई गई।साथ ही

### ललित बत्रा के खुद के बयानों में विरोधाभास: मेयर निखिल मदान

**जहां** एक तरफ वो भाजपा सरकार को ईमानदारी का सर्टिफिकेट देते है वहीं दूसरी तरफ निगम में खुले आम भ्रष्टाचार होने की बात करते है। पिछले 2.5 सालों में नगर निगम सोनीपत में हुए रिकार्ड तोड विकास कार्य। सरकार बजट देगी तो और अधिक गति से होंगे विकास कार्य। हमारी उपलब्धि जनता बखूबी जानती है इसलिए जनता का आशीर्वाद उनके साथ : निखिल मदान। ललित बत्रा ने बतौर चेयरमैन रहते हुए कभी नहीं उठाई जनता की आवाज, इसलिए जनता ने चुनाव में उनको आईना दिखाया : निखिल मदान।

उन्होंने कहा कि नगर निगम मेयर निखिल मदान भाजपा पार्षदों के साथ भेदभाव कररहे हैं। मेयर ने अपने लिए अलग से बजट मांगा था। वह बजट कहां लगाया गया। साथ ही उन्होंने कांग्रेस के हाथ से हाथ मिलाओ अभियान पर तंज कसा कि कांग्रेस ने बड़े नेताओं के प्रदेशमें कभी हाथ नहीं मिले तो यह जनता से क्या हाथ मिलाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कई गुटों में बंटी है।

उनके साथ पार्षद सुरेंद्र मदान व राकेश मलिक, प्रतीक बत्रा भी मौजूद थे।

### नवीन बंटी ने कानोंदा गांव में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का किया शुभारंभ

**सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**

**निरोग शरीर** ही मनुष्य की असली पूंजी है। लोगों को गांव व घरों के आसपास लगने वाले निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में आकर स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। यह बात भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी ने हलके के गांव कानोंदा में युवा मोर्चा की तरफ से आयोजित सेवा समर्पण कार्यक्रम के अंतर्गत लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते हुए कही। शिविर का शुभारंभ करने पहुंचे भाजयुमो जिलाध्यक्ष नवीन बंटी का ग्राम वासियों व युवा कार्यकर्ताओं ने फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

मुख्य अतिथि नवीन बंटी ने स्वयं जांच कराकर जांच इस स्वास्थ्य जांच शिविर का विधिवत शुभारंभ किया।

### त्रिवेणी लगाकर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुरखास के नए सत्र का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुरखास के प्रांगण में बुधवार को प्रधानाचार्य सुरजीत खोखर, जिला पार्षद व छात्रों ने त्रिवेणी लगाकर नए सत्र की शुरूआत की है। प्रधानाचार्य ने कहा कि वातावरण को शुद्ध व मानव के अनुकूल बनाने के लिए स्कूल स्टाफ,ग्रामीणों व छात्रों ने बरगद,पीपल व नीम के पौधों की त्रिवेणी लगाई। इस अवसर पर प्रिंसिपल सुरजीत खोखर ने कहा कि जहां पर ये त्रिवेणी वातावरण को मानव के अनुकूल बनाएगा,वहीं पर स्कूल के अध्यापक भी बच्चों रूपी त्रिवेणी को बेहतर व काबिल नागरिक बनाने का हर सम्भव प्रयास करेंगे कि बच्चों रूपी त्रिवेणी बडी यानी काबिल इंसान बनकर अपने समाज,देश व प्रदेश का रौशन करके समाज की कुरीतियों को दूर कर मानव कल्याण का काम कर सकें। इस अवसर पर जिला पार्षद



सतीश गुलिया,अध्यापक ऋषिपाल,रोहताश,मामन,नरेश के अलावा कई विद्यार्थी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में लिया

**सोनीपतः राष्ट्रीय** राजमार्ग संख्या-44 पर सुधीर ढाबे के सामने तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पीसीआर वैन में पहुंचे पुलिस कर्मचारियों ने सड़क से शव को उठाकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। गांव मटिण्डू निवासी अमित ने बताया कि वह जीटी रोड पर सुधीर ढाबे के नाम से ढाबा चलाता है। रात करीब 1.10 बजे ढाबे के सामने सड़क पार कर रहे युवक को वाहन ने चपेट में ले लिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आई.वी.ए. के हैंडबुक ऑफ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के कवर पेज पर छाया लिटल एंजल्स का खिलाड़ी वंशज चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/रमेश कुमार**

**लिटल एंजल्स** बॉक्सिंग एकेडमी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी वंशज चौहान का फोटो इंटरनेशनल बॉक्सिंग एकेडमी एसोसिएशन (आई.वी.ए.) के हैडबुक ऑफ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के कवर पेज पर प्रकाशित हुआ, जो कि भारत देश व सोनीपतवासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। वंशज चौहान की इस उपलिब्ध पर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वंशज चौहान यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप व यूथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई देते हुए कहा कि यह बड़े ही हर्ष व गौरव की बात है कि वंशज




चौहान ने इस उपलब्धि को प्राप्त किया और अन्य बच्चों को भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। कोच रोहतास कुमार ने बताया कि वंशज चौहान वर्तमान में एन.आई.एस. पटियाला शिविर कैंप से प्रशिक्षण ले रहा है और उन्होंने कहा कि वंशज भविष्य में भी विद्यालय एकेडमी व अपने देश का नाम रोशन करेगा। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने वंशज चौहान को बधाई व शुभकामनाएँ दी और भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। वंशज चौहान के अभिभावक अपने पुत्र की इस उपलब्धि पर बहुत खुश थे और उन्होंने उसकी इस सफलता का श्रेय विद्यालय व अध्यापकों को दिया।

### इंटरनेशनल बॉक्सिंग एकेडमी एसोसिएशन के कवर पेज पर छाया वंशज चौहान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। रमेश कुमार**

**लिटल एंजल्स** बॉक्सिंग एकेडमी के अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी वंशज चौहान का फोटो इंटरनेशनल बॉक्सिंग एकेडमी एसोसिएशन (आई.वी.ए.) के हैडबुक ऑफ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के कवर पेज पर प्रकाशित हुआ, जो कि भारत देश व सोनीपतवासियों के लिए बड़े ही गर्व की बात है। वंशज चौहान की इस उपलिब्ध पर विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। वंशज चौहान ह्ययूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप व यूथ एशियन गेम्सह्ल में स्वर्ण पदक विजेता रहा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई देते हुए कहा कि यह बड़े ही हर्ष व गौरव की बात है कि वंशज चौहान ने इस उपलब्धि को प्राप्त किया और अन्य बच्चों को भी आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। कोच रोहतास कुमार ने बताया कि वंशज चौहान वर्तमान में एन.आई.एस. पटियाला शिविर कैंप से प्रशिक्षण ले रहा है और उन्होंने कहा कि वंशज भविष्य में भी विद्यालय एकेडमी व अपने देश का नाम रोशन करेगा। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने वंशज चौहान को बधाई व शुभकामनाएँ दी और भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। वंशज चौहान के अभिभावक अपने पुत्र की इस उपलब्धि पर बहुत खुश थे और उन्होंने उसकी इस सफलता का श्रेय विद्यालय व अध्यापकों को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय के सहयोग के द्वारा ही उनका पुत्र आज इस मुकाम को प्राप्त करने में समर्थ हो पाया है।

## शहर की दो और सड़कों 1 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से होगा जीर्णोद्धार

### सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी ने नारियल तोड़कर किया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

**गन्नौर** शहर की दो और सड़कों का 1 करोड़ 41 लाख रुपए की लागत से जीर्णोद्धार होगा। बुधवार को सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी ने नारियल तोड़कर शुभारम्भ किया। सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले एक माह के अंदर शहर की 4 सड़कें जीर्णोद्धार होने के बाद नई हो जाएंगी। गत 3 अप्रैल को विधायक निर्मल चौधरी ने 1 करोड़ 50 लाख की लागत से बनाई जाने वाली दो सड़कों स्टेडियम से मॉडल संस्कृति स्कूल व गढ़ी केसरी से गन्नौर गैस एजेंसी गोदाम तक नारियल



तोड़कर शुभारंभ किया था जिनका निर्माण कार्य चल रहा है। कौशिक ने बताया कि गन्नौर रेहड़ा बस्ती से राजकीय मॉडल संस्कृतिक स्कूल तक और मॉडल संस्कृति स्कूल से रेलवे स्टेशन तक करीब 1300 मीटर सड़क का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने बताया कि इन 4 सड़कों का निर्माण एक माह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। चौधरी ने सभी पार्षदो का आह्वान किया कि उनके वार्डो में चल रहे विकास कार्यों की निगरानी रखें ताकि बेहतर विकास कार्य हो सकें। विधायक निर्मल चौधरी ने बताया कि अगले चरण में अन्य टूटी सड़कों का निर्माण करवाया जाएगा। सांसद व विधायक ने शहर के लोगों को विश्वास व भरोसा दिलाया कि विकास कार्यों में पैसे की कमी नही आने दी जाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका चेयरमैन अरुण त्यागी ने बताया कि शहर की टूटी हुई सभी सड़कों को चिह्नित कर लिया गया है। इन सड़कों के निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अन्य सड़कों व गलियों का कार्य शुरू कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि विधायक निर्मल चौधरी व उनके पास आए दिन लोगों की शिकायतें आती रहती थी। काफी समय से मरम्मत का कार्य नहीं होने से सड़कें टूट चुकी हैं। सड़क का निर्माण होने से वाहन चालकों व लोगों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर नगरपालिका के वाइस चेयरमैन दिनेश अदलखा, पार्षद विकास शर्मा पार्षद, पूर्व चेयरमैन रामकुमार धनखड़, हरविंदर त्यागी, महक फौगाट, प्रदीप राठी, नगरपालिका सचिव प्रदीप खरब, एमई रविंद्र मोर व भारी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### चेकिंग के बहाने कार रुकवाकर मैनेजर पर किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सिविल लाइन** थाना क्षेत्र में नेटवर्किंग कंपनी के मैनेजर कार को चेकिंग के बहाने रोककर उन पर हमला कर दिया गया। चार युवकों ने डंडों से हमला करके उनको लहूलुहान कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। पुलिस ने घायल के बयान पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पंचशील कालोनी निवासी राहुल गिरी ने बताया कि वह एक नेटवर्किंग मार्केटिंग कंपनी में मैनेजर के तौर पर कार्यरत है। वह कंपनी में तीन साल से कार्य कर रहा है। मंगलवार शाम को उनकी कंपनी के कर्मचारियों के साथ मीटिंग थी। उन्होंने सब्जी मंडी में अपने कर्मचारियों के साथ मीटिंग की और रात में करीब दस बजे वहां से अपने घर के लिए चल दिया।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने गन्नौर अनाज मंडी का किया दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**रेलवे रोड** नई अनाज मंडी का बुधवार को हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव आन्नद मोहन शरण ने दौरा किया। दौरे के दौरान मुख्य सचिव ने गेंहू खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडी के आढ़तियों ने खरीद संबधित पोर्टल को चालू कराने की मांग की। खरीद संबधित पोर्टल अपडेट को लेकर मुख्य सचिव ने कहा कि शाम तक पोर्टल पर काम शुरू हो जाएगा और उसमें सभी जानकारी मिल जाएगी। फूड ग्रेन एसोसिएशन के प्रधान



राजेश ने मुख्य सचिव से मांग की कि गेंहू की खरीद के दौरान वैल्यू कट आढ़तियों से नही होनी चाहिए। फसल को किसान लेकर आता है। इसके बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव ने खरीद करने वाली एजेंसियों व मंडी से गेंहू का उठान करने वाले ठेकेदार को आदेश दिए कि शाम तक पोर्टल पर काम शुरू हो जाएगा। उसके तुरन्त बाद से ही वे मंडी में भरे कट्टों का उठान करवाना शुरू कर दे ताकि मंडी में गेंहू लेकर आने वाले किसानों व आढ़तियों को कोई परेशानी न आए।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने आढ़तियों को कहा कि वे बिल्कुल साफ- सुथरा करने के बाद ही गेंहू को कट्टों में डलवाए। अगर गेंहू में ज्यादा कबाड़ है तो उसकी दो बार सफाई करवाएं। इसके अलावा नमी की भी जांच करे। उनके साथ उपायुक्त ललित सिवाच, अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी, एसडीएम अनुपमा मलिक, मार्किट कमेटी सचिव चन्द्र प्रकाश के अलावा अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

# हरदोई में 'संस्कृति-संस्कार और संस्कृत' विषय पर सम्मेलन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/हरदोई**

**जनपद की** प्रख्यात बहुभाषाविद साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र, पूर्व निदेशक, बिहार राष्ट्रभाषा परिषद, पटना की पुण्य स्मृति पर 'संस्कृति-संस्कार और संस्कृत' विषयक सम्मेलन का आयोजन हरदोई स्थित जेके पब्लिक स्कूल सभागार में हुआ। वक्ताओं ने साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र को हिन्दी–संस्कृत की साधिका बताया। साथ ही सीएसएन महाविद्यालय के हिन्दी और संस्कृत में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार सिंह, विशेष सचिव गृह विभाग उप्र ने प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया।

भाषा प्रसार से जुड़ी 'सर्वत्र संस्कृतम' एवं 'आधुनिक भव संस्कृतम्वद अभियान' के तत्वावधान में हुये सम्मेलन में अभियान के प्रधान संरक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, विशेष सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ने कहा कि साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र का जीवन भारतीय संस्कृति और संस्कृत में रचा–बसा था। उन्होंने कहा कि वह विभिन्न भाषाओं की विदुषी थी, पर हिन्दी और संस्कृत के लिए पूरी तरह समर्पित थीं। डॉ. सिंह ने संस्कृत को सम्पूर्ण भाषा बताया। संस्कृत के ज्ञान से ही भारतीय धर्म–संस्कृति को ठीक से जाना समझा जा सकता है। अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार ओझा, महासचिव, संस्कृत संजीवन समाज, पटना ने हरदोई की धरती को उर्वरा बताया। उन्होंने कहा कि साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र की जन्मभूमि में आना रोमांचित होने जैसा



है। उन्होंने घर–आंगन तक भारतीय संस्कृति फैले इसके लिए सर्वत्र संस्कृतम अभियान को सफल बनाने की जरूरत है। सम्मेलन में राष्ट्रीय संयोजक एवं संस्कृत आचार्य पी. कुमार भारत–तिब्बत सहयोग मंच दक्षिण प्रांत बिहार के उपाध्यक्ष अमरेन्द्र ओझा, दिल्ली के डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना के डॉ. अनिल चौबे, नवोदय विद्यालय के उप प्रधानाचार्य डॉ. राम कौशल पाण्डेय सहित देश भर के संस्कृतज्ञों ने विचार रखे।

वक्ताओं ने कहा कि साहित्यकार डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र ने हिंदी–संस्कृत सहित विभिन्न भाषाओं में लगभग 4 दर्जन ग्रंथ रचे। जिसमें थाई रामायण श्रीरामकीर्तिम का हिंदी पद्यानुवाद एवं प्राकृतिक ग्रंथों का हिंदी अनुवाद उनकी विशेष उपलब्धि रही। 'देवयानी' महाकाव्य रचकर डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र ने हिंदी साहित्य जगत में प्रथम महिला महाकाव्य रचनाकार के रूप में स्थान बनाया।

इसके अतिरिक्त सलाहकार संपादक के रूप में कानपुर से संस्कृत दैनिक समाचार पत्र नवप्रभातम का शुभारंभ कराने में सहायक बनी।

डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र ने श्रीरामचरितमानस के सुंदरकांड का कन्नौजी में पद्यानुवाद और आरा बिहार की प्राकृत भारती पत्रिका का संपादन कर भारत की लोकभाषाओं को पोषित करने का संदेश दिया। जनपद की कटरी खद्दीपुर गढ़िया में पल बढ़ कर पटना की उच्चशिक्षा–शोध से जुड़ी संस्था बिहार राष्ट्रभाषा परिषद के निदेशक तक का सफर उनकी शैक्षणिक साधना का प्रतीक है। भाषा संगम की समन्वय के रूप में विभिन्न भाषा भाषियों को परस्पर जोड़ना डॉ. मिथिलेश कुमारी मिश्र के भारतीय भाषाओं के प्रति लगाव और राष्ट्रीय एकता के प्रयासों को दशार्ता है। उन्होंने तमिल साहित्य को हिंदी में अनुवादको को बढ़ावा देकर राष्ट्रीय एकता को संबल प्रदान किया। जिसके फलस्वरूप तमिलनाडु चेन्नई सहित दक्षिण भारत में उनके व्यक्तित्व–कृतित्व पर शोध ग्रंथ रचे गए तथा दक्षिण भारत की कई महिला रचनाकारों को शोधार्थी के रूप में उन्होंने उत्तर भारत के विश्वविद्यालयों एवं शिक्षा साहित्य संस्थानों से जोड़कर भाषा को एकता के पुल के रूप में महत्व दिया।

सम्मेलन में साहित्यकार डा. मिथिलेश कुमारी मिश्र के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के साथ भारतीय संस्कृति और संस्कृत के संवर्धन से जुड़े, ऐसे ही बिंदुओं पर विमर्श हुआ। स्वागत सरस्वती सदन की लाइब्रेरियन सीमा मिश्र एवं अवनिकांत बाजपेयी ने किया। साथ ही सीएसएन महाविद्यालय के हिन्दी–संस्कृत में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी संस्कृत की रोशनी एवं आरती यादव और एमए हिन्दी की सोनम सिंह व अम्बालिका को मुख्य अतिथि डॉ. अनिल कुमार सिंह, विशेष सचिव गृह ने स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

संचालन महेश मिश्र ने किया। आभार संयोजक कमलेश पाठक ने जताया। आप और हम चेतना मंच अध्यक्ष अनिल सिंह ने स्वागत किया।

### केजीपी टोल पर ट्रक ने कारों को मारी टक्कर

**सोनीपतः राई थाना** क्षेत्र में केजीपी (कुंडली-गाजियाबाद-पलवल) पैरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर अनियंत्रित ट्रक ने टोल प्लाजा पर खड़ी कारों में टक्कर मार दी। पीछे से जोरदार टक्कर लगने से कार एक-एक करके अपने आगे के वाहनों से टकराती चली गईं। इससे पांच कार क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मैक्स हाइट एपार्टमेंट के सेक्टर-62 में रहने वाले सौरभ महाजन ने बताया कि वह उद्योगपति है। वह अपनी रिश्तेदारी में नोएडा गए था। वहां से कार से सोनीपत लौट रहे था। शाम को वह केजीपी स्थित जाखौली टोल पर पहुंचा।

## संपादकीय

# विकास के पैमानों के अलग-अलग सोपान

**भारत** के उदारवादी दृष्टिकोण और निजीकरण के युग में विकास की अवधारणा के बारे में जब भी चर्चा होती है तब स्वाभाविक तौर पर विकास के विभिन्न आयामों पर भी विस्तृत परिचर्चा का पदार्पण होता है। विकास प्राप्ति है या साधन है और विकास की संपूर्ण अवधारणा क्या है इस पर एक स्वस्थ बहस की आवश्यकता है' निसंदेह विकास परिवर्तन की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक बदली हुई परिणति ही है, परिवर्तन अथवा विकास के सामने समतामूलक न्याय पूर्ण तथा संपूर्ण समावेशी प्रयासों को मजबूत करने की बात कही गई है और भारत सरकार ने इस पर अपनी आस्था व्यक्त की है , इसी विचार के साथ भारत ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को मजबूती देने का प्रयास किया है भारत को हरित भारत के लक्ष्य को स्वीकार भी किया है। विभिन्न जीव जंतुओं को बचाना तथा वन के परीक्षेत्र को 33% लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही है ।वही दूसरी तरफ मरुस्थल बनने से धरा को रोकने के प्रयास और जैव विविधता को सुरक्षित रखने का लक्ष्य की भारत में प्रगति कर रहा है' जलवायु परिवर्तन से भारत को जितना नुकसान हो रहा है इतना किसी भी अन्य देश को नहीं हो रहा है। इसी कार्यक्रम में प्राकृतिक संसाधनों के वितरण प्रकार और गुणवत्ता को जलवायु परिवर्तन से बचाने का प्रयास भी शामिल है। भारत में इसी संदर्भ में ग्रीन इंडिया जैसी अवधारणा को आत्मसात किया है ग्रीन इंडिया तथा परिस्थितिकी सुधार को संरक्षण दिया है उसमें केंद्र व राज्य सरकारों ने मिलकर एक दशक के लिए लगभग 40, हजार करोड़ रुपए के खर्च होने का अनुमान भी दशार्या है। सरल शब्दों में ग्रीन इंडिया मिशन को जलवायु परिवर्तन की अनुकूलता को अंदर से देखा जाए उसमें कारबन में कटौती तथा परिस्थिति तंत्रों में मजबूती लाने का प्रयास किया जाएगा ,इसके अंतर्गत बंजर वाली भूमि पर 50 लाख हेक्टेयर पर पेड़ लगाना और 50 लाख हेक्टेयर जमीन पर बढ़ते हुए वनों का संरक्षण भी शामिल है। जिसके फलस्वरूप 30 लाख परिवारों को रोजगार मुहैया कराना साथ ही 50 से 60 लाख तन तक कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने का लक्ष्य तय किया गया। इस तरह ग्रीन इंडिया में भारी भरकम बजट खर्च करने की परियोजना तैयार की गई है ।निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन में होने वाले नुकसान को इस योजना से रोका जा सकता है। वहीं दूसरी ओर यदि डिजिटल इंडिया की बात करें तो ज्ञान के आधारित अर्थव्यवस्था मैं सुधार डिजिटल पद्धति से ही लाया जा सकता है। भारत देश जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक भी दिखाई देता है। डिजिटल विकास के पास भारत देश में दीमक की तरह फैले हुए भ्रष्टाचार को भी रोका जा सकता है।

बिचौलियों की उपस्थिति को भी चुनौती दी जा सकती है वैसे डिजिटल इंडिया प्रशासन सब प्रशासन को काफी मददगार साबित होने वाला है। सरकारी कार्यालयों में समस्त कार्य प्रणाली पेपर रहित हो गए है डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ कार्य किए जाए तो समय के साथ अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाई जा सकती है। भारत सरकार ने अनेक विकास के पैमानों को ध्यान में रखते हुए और अनेक विसंगतियों को दूर करने के इरादे से डिजिटल मिशन के तहत ई गवर्नेंस ब्रॉडबैंड हाईवे, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल, हॉस्पिटल एप स्वच्छ भारत मोबाइल ऐप, डिजिटल लॉकर जैसी सुविधाएं शुरू कर चुका है।

# जाति प्रथा के विरोधी थे डा.भीमराव आम्बेडकर



रमेश सर्राफ धमोरा

"6 दिसम्बर 1956 को आम्बेडकर की नींद में ही दिल्ली स्थित उनके घर में मृत्यु हो गई। 7 दिसम्बर को बम्बई में चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली में उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। 1990 में बाबासाहेब डा.आम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देर से प्रदान किया गया। जिसके वे सबसे पहले हकदार थे। आम्बेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वो सांसद के रूप में रहते थे। देश भर में आम्बेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेको सार्वजनिक संस्थानो का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है"

**भारतीय** संविधान के रचयिता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का सपना था कि भारत जाति-मुक्त हो, औद्योगिक राष्ट्र बने, सदैव लोकतांत्रिक बना रहे। लोग आम्बेडकर को एक दलित नेता के रूप में जानते है। जबकि उन्होने बचपन से ही जाति प्रथा का खुलकर विरोध किया था। उन्होने जातिवाद से मुक्त आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ भारत का सपना देखा था। मगर देश की गन्दी राजनीति ने उन्हे सर्वसमाज के नेता के बजाय दलित समाज का नेता के रूप में स्थापित कर दिया। डा.आम्बेडकर का एक और सपना भी था कि दलित धनवान बनें। वे हमेशा नौकरी मांगने वाले ही न बने रहें अपितु नौकरी देने वाले भी बनें। बाबा साहब का मानना था कि वर्गहीन समाज गढने से पहले समाज को जाति विहीन करना होगा। आज महिलाओं को अधिकार दिलाने के लिए हमारे पास जो भी संवैधानिक सुरक्षाकवच, कानूनी प्रावधान और संस्थागत उपाय मौजूद हैं। इसका श्रेय किसी एक मनुष्य को जाता है वे हैं डॉ. भीमराव आम्बेडकर। भारतीय संदर्भ में जब भी समाज में व्याप्त जाति, वर्ग और लिंग के स्तर पर व्याप्त असमानताओं और उनमें सुधार के मुद्दों पर चिंतन हो तो डॉ. आंबेडकर के विचारों और दृष्टिकोण को शामिल किए बिना बात पूरी नहीं हो सकती। हर वर्ष 14 अप्रैल को बाबासाहेब डा.भीमराव आम्बेडकर की जयन्ती मनायी जाती है। बाबासाहेब की जयन्ती पर लोगों को संकल्प लेना चाहिये कि हम सब सच्चे मन से उनके बताये मार्ग का अनुशरण करेगें। उनके बनाये संविधान का पालन करेगें। ऐसा कोई काम नहीं करेगें जिससे देश के किसी कानून का उल्लघंन होता हो। चूंकि बाबासाहेब हमेशा जाति प्रथा, ऊंच नीच की बातों के विरोधी थे। इसलिये उनकी जयन्ती पर उनको श्रधांजली देने का सबसे अच्छा तरीका है उनके सिद्धांतो को अपने जीवन में अपनाये। बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्यप्रदेश के मऊ में एक गरीब परिवार मे हुआ था। वो भीमराव रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की 14 वीं सन्तान थे। उनका परिवार मराठी था जो महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले मे स्थित अम्बावडे नगर से सम्बंधित था। उनके बचपन का नाम रामजी सकपाल था। वे हिंदू महार जाति के थे जो अछूत कहे जाते थे। उनकी जाति के साथ सामाजिक और आर्थिक रूप से गहरा भेदभाव किया जाता था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उनको बचपन कष्टों में बिताना पड़ा था। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो आम्बेडकर संभवतः पहले अध्येता रहे हैं। जिन्होंने जातीय संरचना में महिलाओं की स्थिति को समझने की कोशिश की थी। उनके संपूर्ण विचार मंथन के दृष्टिकोण में सबसे महत्वपूर्ण मंथन का हिस्सा महिला सशक्तिकरण था। आम्बेडकर यह बात समझते थे कि स्त्रियों की स्थिति सिर्फ ऊपर से उपदेश देकर नहीं सुधरने वाली, उसके लिए कानूनी व्यवस्था करनी होगी। हिंदू कोड बिल महिला सशक्तिकरण का असली आविष्कार है। इसी कारण आंबेडकर हिंदू कोड बिल लेकर आये थे। हिंदू कोड बिल भारतीय महिलाओं के लिए सभी मर्ज की दवा थी। पर अफसोस यह बिल संसद में पारित नहीं हो पाया और इसी कारण आम्बेडकर ने कानून मंत्री पद का इस्तीफा दे दिया था। स्त्री सरोकारों के प्रति डॉ भीमराव आम्बेडकर का समर्पण किसी जुनून से कम नहीं था। डा.भीमराव आम्बेडकर का मानना था कि भारतीय महिलाओ के पिछड़ेपन की मूल वजह भेदभावपूर्ण समाज व्यवस्था और शिक्षा का अभाव है। शिक्षा में समानता के संदर्भ में आंबेडकर के विचार स्पष्ट थे। उनका मानना था कि यदि हम लडकों के साथ-साथ लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देने लग जाए तो प्रगति कर सकते है। शिक्षा पर किसी एक ही वर्ग का अधिकार नहीं है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अधिकार है। नारी शिक्षा पुरुष शिक्षा से भी अधिक महत्वपूर्ण है। चूंकि पूरी पारिवारिक व्यवस्था की धुरी नारी है उसे नकारा नहीं जा सकता है। आम्बेडकर के प्रसिद्ध मूलमंत्र की शुरूआत ही ह्यशिक्षित करोह्ण से होती है। इस मूलमंत्र की पालना से आज कितनी ही महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर बन रही है। बाबा साहेब आम्बेडकर कुल 64 विषयों में मास्टर थे। वे हिन्दी, पाली, संस्कृत, अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, मराठी, पर्शियन और गुजराती जैसे 9 भाषाओं के जानकार थे। इसके अलावा उन्होंने लगभग 21 साल तक विश्व के सभी धर्मों की तुलनात्मक रूप से पढाई की थी। डॉक्टर आम्बेडकर अकेले ऐसे भारतीय है जिनकी प्रतिमा लंदन संग्राहलय में कार्ल मार्क्स के साथ लगाई गई है। इतना ही नहीं उन्हें देश विदेश में कई प्रतिष्ठित सम्मान भी मिले है। भीमराव आंबेडकर के पास कुल 32 डिग्री थी। डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर के निजी पुस्तकालय राजगृह में 50 हजार से भी अधिक किताबें थी। यह विश्व का सबसे बडा निजी पुस्तकालय था। जब 15 अगस्त 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के नेतृत्व वाली नई सरकार बनी तो उसमें डा.आम्बेडकर को देश का पहले कानून मंत्री नियुक्त किया गया। 29 अगस्त 1947 को डा.आम्बेडकर को स्वतंत्र भारत के नए संविधान की रचना कि लिए बनी संविधान मसौदा समिति के अध्यक्ष नियुक्त किया गया। 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा ने उनके नेतृत्व में बने संविधान को अपना लिया। अपने काम को पूरा करने के बाद बोलते हुए डा.आम्बेडकर ने कहा मैं महसूस करता हूं कि भारत का संविधान साध्य है, लचीला है पर साथ ही यह इतना मजबूत भी है कि देश को शांति और युद्ध दोनों समय जोड़ कर रखने में सक्षम होगा। मैं कह सकता हूं कि अगर कभी कुछ गलत हुआ तो इसका कारण यह नही होगा कि हमारा संविधान खराब था बल्कि इसका उपयोग करने वाला मनुष्य ही गलत था। आम्बेडकर ने 1952 में निर्दलीय उम्मीदवार के रूप मे लोक सभा का चुनाव लड़ा पर हार गये। मार्च 1952 मे उन्हें राज्य सभा के लिए मनोनित किया गया। अपनी मृत्यु तक वो उच्च सदन के सदस्य रहे। डा.आम्बेडकर ने 14 अक्टूबर 1956 को नागपुर में अपने लाखों समर्थकों के साथ एक सार्वजनिक समारोह में एक बौद्ध भिक्षु से बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। राजनीतिक मुद्दों से परेशान आम्बेडकर का स्वास्थ्य बिगड़ता चला गया।

6 दिसम्बर 1956 को आम्बेडकर की नींद में ही दिल्ली स्थित उनके घर मे मृत्यु हो गई। 7 दिसम्बर को बम्बई में चौपाटी समुद्र तट पर बौद्ध शैली मे उनका अंतिम संस्कार किया गया जिसमें उनके हजारों समर्थकों, कार्यकताओं और प्रशंसकों ने भाग लिया। 1990 में बाबासाहेब डा.आम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। सरकारों की उपेक्षा के चलते बाबा साहेब को भारत रत्न सम्मान बहुत देर से प्रदान किया गया। जिसके वे सबसें पहले हकदार थे। आम्बेडकर के दिल्ली स्थित 26 अलीपुर रोड के उस घर में एक स्मारक स्थापित किया गया है जहां वो सांसद के रूप में रहते थे। देश भर में आम्बेडकर जयन्ती पर सार्वजनिक अवकाश रखा जाता है। अनेको सार्वजनिक संस्थानो का नाम उनके सम्मान में उनके नाम पर रखा गया है। आम्बेडकर का एक बड़ा चित्र भारतीय संसद भवन में लगाया गया है। हर वर्ष 14 अप्रैल व 6 दिसम्बर को मुम्बई स्थित उनके स्मारक पर हर साल काफी लोग उन्हे अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आते हैं।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।)**

## कविता

### बाल मजदूरी पर रोक लगानी होगी

बच्चे हैं हमारे देश का भविष्य,
हमें मिलकर इनका बचपन बचाना है,
स्कूल में भेज बच्चों को,
काबिल उन्हें बनाना है,
बाल मजदूरी से बचपन,
उबर नहीं कभी पाता है,
शारीरिक मानसिक बच्चे को,
बड़ा आघात लग जाता है,
हैं खेलने, पढ़ने के दिन जो,
दुस्वार यह हो जातें हैं,
बाल मजदूरी से बच्चों के,
जीवन तबाह हो जाते हैं,
गाँव शहर ए मेरे देश के लोगों,
बाल मजदूरी पर रोक लगानी है,
बच्चों का जीवन खुशहाल बने,
ऐसी व्यवस्था मिलकर हमें बनानी है,

रामेश्वर देव

## अर्थव्यवस्था को सेंध लगाते ऑनलाइन सट्टेबाजी

**सुनील कुमार महला**

**हाल** ही में सट्टेबाजी और बेटिंग वाले विभिन्न ऑनलाइन गेम्स पर सरकार ने नये नियम जारी करते हुए इन पर अपनी तलवार चला दी है, जो बहुत ही काबिलेतारीफ कदम कहा जा सकता है। अब नये नियमों के तहत ऑनलाइन गेम को मंजूरी देने का फैसला इस बात को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा कि उस गेम में किसी तरह से दांव या बाजी लगाने की प्रवृत्ति तो शामिल नहीं है। अगर एसआरओ( स्व नियामक संगठनों) को यह पता चलता है कि किसी ऑनलाइन गेम में दांव लगाया जाता है तो वह उसे मंजूरी नहीं देगा। दूसरे शब्दों में, यह बात कही जा सकती है कि सरकार ने सट्टेबाजी और बेटिंग से जुड़े विभिन्न एप्स को हाल ही में प्रतिबंधित करने की बात कही है और साथ ही सट्टेबाजी और जुए से जुड़े विज्ञापनों से बचने की भी चेतावनी या यूं कहें कि एडवायजरी जारी की गई है। वास्तव में, न ई एडवायजरी या इन संशोधनों को जारी करने के पीछे मकसद इंटरनेट को खुला, सुरक्षित और विश्वसनीय और जवाबदेह बनाना है।अब सट्टेबाजी से जुड़े विभिन्न गेम्स को आसानी से मंजूरी नहीं मिल पाएगी। आज बेहतर और तेज इंटरनेट, किफायती स्मार्टफोन और खर्च करने की क्षमता बढ़ने से ऑनलाइन सट्टेबाजी का बाजार भारत में लगातार बढ़ता जा रहा है। हमारे यहाँ फाइव-जी आ गया है। इससे ऑनलाइन प्लेटफार्म्स पर गेम्स खेलने बहुत आसान हो गया है, क्यों कि इन गेम्स में स्पीड भी कहीं न कहीं मायने रखती है। अब सरकार के निर्णय से इन कंपनियों को गहरा धक्का लगा है लेकिन यह बहुत ही अच्छा कदम है। अब तक विभिन्न ऑनलाइन गेम्स कंपनियों का धंधा( सट्टेबाजी, जुए) खूब फल-फूल रहा था और वे इन गेम्स की एवज में करोड़ों रुपये कमा रही थीं। वास्तव में, सरकार की इस एडवायजरी से  अब ऑनलाइन सट्टेबाजी का बाजार बंद हो सकेगा और उम्मीद जताई जा सकती है कि इस पर तुरंत प्रभाव से प्रतिबंध लग सकेगा । अब तक विभिन्न गेम्स कंपनियां सट्टेबाजी व जुए की आड़ में लुभावने विज्ञापन करके अनाप-शनाप पैसा कमा रही थी और विशेषकर हमारी युवा पीढ़ी इन ऑनलाइन गेम्स के चक्कर में अपना पैसा, समय व स्वास्थ्य तक बर्बाद कर रहे हैं। युवाओं को ये कंपनियां( ऑनलाइन गेम्स कंपनियां) लाखों, करोड़ों रुपये पाने का लालच दिखाकर अपनी गिरफ्त में ले रही हैं। ऑनलाइन टीम बनाओ, रमी,ताश,क्रिकेट, लुडो खेलो और थोड़ा सा, छोटा सा इनवेस्टमेंट कर लाखों, करोड़ों जीतो। बच्चों को यह बात सच लगती और वे लगातार इसके शिकार हो रहे थे। वास्तव में, इन कंपनियों का अंदाज या यूं कहें कि विज्ञापन का तरीका कुछ इस प्रकार का होता था कि कोई भी इन ऑनलाइन कंपनियों के चंगुल में फंसने से बच नहीं सकता था।

## विचार

# औद्योगिक घरानों के बंटवारे कैसे प्रेम से हों

**आर.के. सिन्हा**

**दीपक** पारेख को भारत के कोरपोरेट जगत में बहुत ही आदर भाव के साथ देखा जाता है। एचडीएफसी बैंक के चेयरमेन दीपक पारेख बीती आधी सदी से कोरपोरेट जगत की हरेक घटना के अहम साक्षी हैं। वे जब किसी विषय पर बोलते हैं तो उसे नजरअंदाज करना संभव नहीं होता। उन्होंने हाल ही में एक सेमिनार में कहा कि भारत के बहुत से औद्योगिक-घरानों में संपत्ति बंटवारे को लेकर हुआ विवाद इतना गंभीर हो गया है कि वे घराने इस आघात से बुरी तरह से छलनी हो गए। इस पूरी प्रकिया में लंबा वक्त भी लगा सो अलग । उनकी सलाह थी कि जिन घरानों में विवाद हो तो उन्हें मध्यस्थता के रास्ते पर चलना चाहिए। इससे धन और वक्त भी बच जाएगा। दीपक पारेख की बात में दम है। हमने देखा है कि रिलायंस ग्रुप के चेयरमेन धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद उनके दोनों पुत्रों - मुकेश और अनिल में संपत्ति विवाद गहरा होता चला गया। बात जब कोर्ट गई तो दोनों ने नामवर वकीलों को अपने पक्ष में दलीलें देने के लिए रखा। इस  प्रक्रिया में दोनों ने करीब दो सौ करोड़ रुपये फूंक भी दिए। अंत में, बैंकिग की दुनिया के प्रमुख हस्ताक्षर के.वी. कामथ को मध्यस्थता और संपत्ति के बंटवारे के लिए रखा गया। फिर कहीं जाकर बात बनी। कामथ आईसीआईसीआई बैंक के फाउंडर चेयरमेन थे। हालांकि यह स्वीकार करना होगा कि बंटवारे के बाद मुकेश अंबानी ने जहां शिखर को छुआ, वहीं अनिल अंबानी अपने समूह को कायदे से दिशा देने में नाकाम रहे।

अब बात पश्चिम उत्तर प्रदेश के एक बड़े औद्योगिक समूह की भी कर लेते हैं। यह समूह चीनी, धागे, टायर, घी वगैरह का उत्पादन करता था। इस समूह का देश में खासा नाम था। पर इसके चेयरमेन का 1970 के दशक के आरंभ में निधन हो गया। कुछ समय के लिए चेयरेमन के छोटे भाई को समूह का प्रमुख बना दिया गया। पर बडे भाई के पुत्रों ने विद्रोह कर दिया। इसके चलते यह समूह कलह-क्लेश का शिकार हो गया।  इसकी पहले वाली स्थिति नहीं रही। अब यह समूह कतई खबरों में नहीं रहता किसी विशेष उपलब्धि के चलते। इसी तरह दिल्ली के डीसीएम समूह को गांधीवादी लाला श्रीराम ने शुरू किया था। उनके बाद, उनके दोनों पुत्रों लाला भरत राम तथा लाला चरत राम ने डीसीएस समूह को सही से चलाया। पर इनके बाद डीसीएम समूह बिखरने लगा। यानी तीसरी पीढ़ी इसे एक नहीं रख सकी। दोनों भाइयों के पुत्रों के बीच डीसीएम समूह की कंपनियां विभाजित हुई थीं। इससे पहले विवाद भी हुए। पर यह तो कहना ही होगा कि डीसीएम समूह ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में शानदार योगदान दिया। इस समूह की तरफ से श्रीराम कॉलेज आफ कॉमर्स, लेडी श्रीराम कॉलेज, श्रीराम कला केन्द्र जैसे स्तरीय संस्थान खोले गए। मुंबई में मफतलाल समूह  में भी बंटवारे के सवाल पर  लंबे समय तक बवाल चलता रहा। इसका समूह को नुकसान हुआ। मफतलाल समूह की विकास की रफ्तार धीमी पड़ गई। कायदे से बड़े घरानों का समय रहते ही बंटवारा हो जाना चाहिए। प्रोमोटर को चाहिए कि वे एक उम्र के बाद अपने समूह की संपत्तियों का अपने बच्चों में बंटवारा कर दे। इससे विवाद की नौबत नहीं आएगी। बंटवारे के बाद जिस-जिस के हिस्से में कंपनियां आएंगी वे उन्हें आगे लेकर जाएगे अगर बात गुजरे कुछ दशकों की करें तो हम देखते हैं कि कोलकाता के आरपी गोयनका समूह का बंटवारा सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ। आरपीजी समूह के चेयरमेन आर.पी.गोयनका ने अपनी कंपनियों को अपने दोनों पुत्रों- हर्ष   और संजीव में वक्त रहते हुए बांट दिया। अब दोनों भाई अपने-अपने समूहों को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। दोनों भाइयों में संबंध भी मधुर हैं। संजीव गोयनका  उद्योग और वाणिज्य संगठन सीआईआई के अध्यक्ष भी रहे हैं। हर्ष ट्वीटर पर भी एक्टिव रहते हैं। वे


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बैसाखी पर नवजीवन का संदेश- संत राजिन्दर सिंह

**बैसाखी** के महीने में प्रकृति के लिहाज से पेड़-पौधें में नई कोपलें निकलनी शुरू हो जाती हैं, इनमें एक नई जिंदगी की शुरूआत होती है तो हमें भी इससे कुछ नया सबक लेना चाहिए जिससे कि हमारे जीवन में भी नई कोपलें फूटें ताकि हमारी नई जिंदगी का आरंभ हो और हमारे दिल से सभी भेदभाव मिट जायें। हरेक समाज में बैसाखी का महीना कई तरह से मनाया जाता है। सन् 1699 में बैसाखी के दिन ही दशम गुरू साहिब, गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज ने खालसा पंथ (सिख पंथ) की शुरूआत की थी। इस दिन दशम गुरू साहिब ने पाँच प्यारों को चुना। बौद्ध लोगों के लिए भी यह दिन बड़ा मुबारक है। इसी दिन महात्मा बुद्ध का भी जन्म हुआ था। बैसाखी के दिन ही उन्हें आत्म-ज्ञान भी हुआ और इसी दिन उनका निर्वाण भी हुआ। महापुरूष जब-जब भी इस दुनिया में आते हैं, वे एक ही बात को बार-बार पेश करते हैं, वह क्या है? कि मानुष जन्म बड़े भागों से मिलता है, जिसमें हम अपने निजघर वापिस जा सकते हैं। परमात्मा महाचेतना का सागर है और हमारी आत्मा उसकी एक बूंद है। परमात्मा प्रेम है, हमारी आत्मा उसका अंश होने के नाते प्रेम है, इसमें कुदरती तौर से प्रभु से मिलने का भाव है, इसका गुण है अपने प्रीतम से जुड़ना। बैसाख धीरन क्यों वाढियां जिना प्रेम बिछोह। बैसाख धीरन क्यों बैसाख का महीना आ गया है, फसल कटी पड़ी है तुम्हारी, प्रभु से दूर पड़े हो, तुम्हें धीरज कैसे आ सकता है उसके बगैर। तुम उससे कटे पड़े हो, कैसे तुम जीवन गुजार रहे हो? कैसे भूल गये हो तुम? हर साजन पुरख विसार के लगी माया धोह। परमात्मा से दूर हो गये हम, उसे भूल गये और माया हाथ धोकर हमारे पीछे लग गई, माया नाम है भूल का। यह भूल कहाँ से शुरू हुई? यह दर्द भरी कहानी है। फसल तो बाहर कटी पड़ी है। महात्मा देखकर कहते हैं, तुम उस प्रभु से कटे पड़े हो तुम उसकी अंश हो। तुम मालिक को भूल गए और यही सब खराबियों की जड़ है। प्रभु को भूल कर अपना जन्म बरबाद कर रहे हो। प्रभु बिना अवर न कोय। प्रभु के बिना तुम्हारी आत्मा का कोई साथी नहीं। पुत्र, स्त्री, बच्चे ये सब प्रारब्ध कर्मों के अनुसार प्रभु ने जोड़े हैं। खुशी से लेना-देना निभाओ और अपने घर जाओ। वह परमात्मा जो हमारी आत्मा का संगी है और साथी है, वह तुम्हारे साथ जायेगा। हमें यह मानुष जन्म मिला है प्रभु को पाने के लिए। आत्मा चेतन स्वरूप है, जब तक वह महाचेतन प्रभु से नहीं मिलेगी उसको कभी संतुष्टि नहीं होगी। मन कभी काबू नहीं होगा जब तक नाम से, परिपूर्ण परमात्मा से नहीं मिलेगा।

## बोटी फेंको तमाशा देखो

**डॉ. सुरेश कुमार**

**एक** बेरोजगार कुत्ते ने देखा वादों के कूड़ा-कर्कट में रोजगार की ढेर सारी बोटियाँ इधर-उधर बिखरी पड़ी हैं। यह आँखों का धोखा है या फिर ठगने की नई चाल, उसे समझ नही आया। कुछ देर इधर-उधर देखा तो जाना कि यहाँ तो एक से बढ़कर एक मनलुभावन वादों की लपलपाती बोटियाँ हैं। रोजगार की बोटी अकेला नहीं, इसके सहचर भी ललचाने बैठे हैं। किसानों को समर्थन मूल्य के नूडल्स, बूढ़ों को पेंशन का पिडिग्री बिस्कुट, मुफ्त स्वास्थ्य सेवा की रबड़ी, स्मार्ट शहरों की बिरयानी सब ललचा रहे थे। लंबी-लंबी फेंकने की जलेबी का तो अलग आकर्षण है। चखने के लिए एक मुँह बस नहीं हो सकता।  उन जलेबियों पर पैकेजों का मक्खन तो और चटकदार लगता है। जहाँ देखो वहाँ वादों के एक से बढ़कर एक पकवान दिखाई दे रहे हैं। थोड़े छोटे तो थोड़े बड़े लगते हैं। यहाँ गरीबी की मिर्ची, कंगाली का आटा, पिछड़ेपन की करेली कड़वाहट का नामोंनिशाँ नहीं है। इन वादों के पकवान वाली जादूगरी ऐसी कि कोई भी फंस सकता है, फिर भी सभी दौड़े-दौड़े चले आ रहे हैं। भूखे और तड़पते मरने से अच्छा है कि चंद मिनटों के पकवान वाली मौत ही सही। जमाना वादों के पकवान खाना चाहता है। तरह-तरह स्वाद का लुत्फ उठाना चाहता है। यहाँ शिरखुर्मा को जिहादी कहकर मोदकों से भिड़वाया जा रहा है। मोदकों को रसगुल्लों से लड़वाया जा रहा है। चूंकि भिड़ना, लड़ना दोनों पकवान हैं, कुत्ते बेवकूफ बनते जा रहे हैं। कुत्ते भूल चुके हैं कि वे कुत्ते हैं। जमाने के साथ-साथ उसे फंसाने के तरकीबें बदली हैं, लेकिन वह नहीं बदला। इस बार कुत्ते मुफ्त वादों के पकवान वाले कूड़े-कर्कट की मौज ले रहा है। जब तक बोटियाँ हैं तब तक उसके दिन अच्छे हैं। यहाँ वादें बदलते हैं, कुत्ते नहीं। वादे खत्म के होने साथ कुत्ते कूड़े-कर्कट की बदबू में उलझकर रह जाएगा। वह लाख कोशिश करेगा बाहर निकलने की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। तभी झूठे वादों के पकवान बनाने वाला आएगा और धीरे से से कुत्तों को धर दबोचेगा और उन्हें कुत्तों को पकड़ने वाली गाड़ी में अपने साथ ले जाएगा।

कुत्ते पकड़ने का खेल सदियों से चला आ रहा है और इन बोटियों के नाम पर कुत्ते हमेशा से फंसते जा रहे हैं।

# ईवी के क्षेत्र में लीडर बनेगा यूपी

## नगर विकास विभाग ने ईवी नीति के तहत ईवी चार्जिंग सुविधाओं के विकास के लिए कसी कमर

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश** को इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स (ईवी) के क्षेत्र में लीडर बनाने के लिए योगी सरकार ने ईवी नीति के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। सरकार का उद्देश्य सिर्फ ईवी मैन्युफैक्चरिंग को ही बढ़ावा देना नहीं है, बल्कि ईवी का इस्तेमाल कर रहे नागरिकों को समुचित चार्जिंग की सुविधा मिल सके, इस दिशा में भी सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना को लेकर नीति के प्रावधानों के अनुसार नगर विकास विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। नगर विकास विभाग ने प्रदेश में चार्जिंग सुविधाओं के लिए सेवा प्रदाताओं की भूमि आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लान (सीईएमपी) को स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत 17 नगर निगम वाले शहरों में भी जल्द से जल्द




विस्तारित किए जाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। वहीं चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के फास्ट ट्रैक डेवलपमेंट के लिए नगर विकास विभाग के नेतृत्व में कार्यकारी समूह का भी गठन कर लिया गया है।

**स्वीकृत चार्जिंग स्टेशंस को मिलेगी सुविधा:** नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार ईवी नीति के अधीन नोडल संस्था इन्वेस्ट यूपी द्वारा स्वीकृत चार्जिंग स्टेशनों के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। ईवी नीति के अनुसार चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए सरकारी संस्थाओं को भूमि 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे या लीज पर उपलब्ध कराई जाएगी। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए विद्युत मंत्रालय के मानकों के

### जिम्मेदारी

**ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना को लेकर नीति के प्रावधानों के अनुसार विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है**

अनुसार निर्धारित रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल इसका आधार होगा। पट्टा अवधि, रेवेन्यू शेयरिंग रेट एवं अन्य निर्धारित मानकों को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा। इसी तरह चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए निजी संस्थाओं को भूमि समान रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से 10 वर्ष की अवधि के लिए पट्टे पर प्रदान की जाएगी। ऐसी संस्थाओं का चयन सेवा शुल्क को बिडिंग पैरामीटर रखते हुए निविदा आमंत्रित करते हुए न्यूनतम सेवा शुल्क के आधार पर किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को न्यूनतम चार्जिंग शुल्क देना होगा।

### कार्यकारी समूह करेगा चार्जिंग

**इंफ्रास्ट्रक्चर** का फास्ट ट्रैक विकास
यूपी इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग एवं मोबिलिटी पॉलिसी के मानकों के अनुरूप नगर विकास विभाग ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के फास्ट ट्रैक विकास के लिए कार्यकारी समूह की स्थापना कर दी है। यह कार्यकारी समूह मॉडल उप नियमों के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगा तथा राज्य में चार्जिंग व स्वैपिंग सुविधाओं के विकास के साथ-साथ रणनीति को विनियमित करेगा। इसमें नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अध्यक्ष होंगे, जबकि आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग के प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव, स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

# लखनऊ : कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
भारत के कई प्रदेशों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी कोविड के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। लखनऊ में कोविड के मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूल, कार्यालयों एवं चिकित्सालयों में कोविड प्रोटोकाल का पालन करने के निर्देश दिये हैं।
लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कार्यालयों, स्कूल कालेज, चिकित्सालयों, सिनेमा हाल, रेलवे और बस स्टेशन व जन सामान्य के लिए प्रोटोकाल जारी किया है।

**कार्यालयों के लिए दिशा निर्देश:** जिलाधिकारी गंगवार के निर्देशानुसार कार्यालयों में कोविड प्रोटोकाल का पालन कराना सुनिश्चित किया जाय। इसके साथ ही कार्यालयों में मास्क, सेनेटाइजर एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाय। बिना मास्क के कार्यालयों में प्रवेश न दिया जाय। कार्यालयों में प्रवेश द्वारा पर थर्मल



### निर्देश

**जिला प्रशासन ने स्कूल, कार्यालयों एवं चिकित्सालयों में कोविड प्रोटोकाल का पालन करने के निर्देश दिये हैं**

स्कैनिंग की व्यवस्था की जाय। दरवाजे, रेलिंग, लिफ्ट, पार्किंग क्षेत्र को समय-समय पर सेनेटाइज किया जाय। सर्दी, जुखाम, बुखार या फ्लू के लक्षण होने पर घर पर ही क्वारंटीन रहें और कोविड की जांच करायें।

**स्कूल कालेजों के लिए दिशा निर्देश:** जिलाधिकारी ने स्कूलों में बच्चों व शिक्षकों के लिए मास्क अनिवार्य करने का निर्देश दिए हैं। एक दूसरे के बीच की दूरी का पालन हो तथा विद्यालयों में सेनेटाइजर की व्यवस्था हो।

**जन सामान्य के लिए निर्देश:** जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील किया है कि सार्वजनिक स्थलों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कोविड प्रोटोकाल का पालन करें।




**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मिलेट्स-2023 के अन्तर्गत आयोजित क्षमता और अवसर राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि लोक पर्वों और त्योहारों में मिलेट उत्पादों का उपयोग अवश्य करें।**

## दो गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया

**आजमगढ़:** जिले की पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर दो वाहनों से तीन कुंतल गांजा बरामद किया है। जिसकी कीमत 30 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दावा किया कि ये सभी आर्मी के जवानों का सामान ले आने व ले जाने के समय मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते थे। बरामद गांजे की खेप अरूणांचल प्रदेश से लेकर बिहार और उत्तर प्रदेश में सप्लाई करते थे। निजामबाद थाने की पुलिस ने एक गैंगेस्टर की धरपकड़ के लिए सहदुल्लाहपुर स्थित शांति ट्यूबेल के पास दो डीसीएम वाहनों को विपरित दिशा में खड़ा देखा।

# नल कनेक्शन देने वाले राज्यों में नंबर एक बनेगा उप्र: स्वतंत्र

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर प्रदेश के** 22 जिलों में नल कनेक्शन देने का आँकड़ा 50 फीसदी के पार होने पर जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अफसरों को बधाई दी है। अफसरों की तारीफ करते हुए जल शक्ति मंत्री ने कहा कि जिस गति से प्रदेश में हर घर जल योजना से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है, वह संकेत है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश, देश में सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले राज्यों में नम्बर एक पर होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना को योगी



सरकार तेजी से पूरा कराने में जुटी है। ग्रामीणों को हर घर नल पहुंचाने की मुहिम जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है। विभाग के अफसरों के साथ फील्ड पर काम कर रहे अधिकारी भी योजना का लाभ जन-जन को दिलाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं। जल शक्ति मंत्री ने योजना के बेहतर क्रियान्वयन और

### स्वच्छ जल

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना को योगी सरकार तेजी से पूरा कराने में जुटी है**

फील्ड पर योजना को जमीन पर उतारने वाले अफसरों, इंजीनियरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द समारोह आयोजित कर सर्वाधिक नल कनेक्शन देने वाले जिलों में पहले स्थान प्राप्त करने वाले महोबा, दूसरे स्थान पर ललितपुर और तीसरे स्थान पर पहुंचे बागपत के अफसरों और इंजीनियरों को सम्मानित किया जाएगा।

# 'राजस्थान में अस्थिर और दो खेमों में बंटी सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/अलवर**
**राजस्थान** में सरकार अस्थिर और दो खेमों में बंटी हुई है। तुष्टिकरण की नीति का ठप्पा भी इस सरकार पर लगा हुआ है। यह कहना है केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का। मेघवाल बुधवार को अलवर शहर के कंपनी बाग में भाजपा की ओर से आयोजित जन आक्रोश महा घेराव रैली को में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं याद दिला रहा हूं चुनाव से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के समय है कांग्रेस ने कहा कि बीजेपी वाले कह रहे हैं राजस्थान में सीएम कौन हैं। फिर कांग्रेस की हाईकमान ने 2 मुख्यमंत्री दे दिए।



चुनाव हुए तो एक को सीएम दूसरे को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। दो सीएम होते ही लड़ाई शुरू हो गई और सरकार अस्थिर हो गई। उन्होंने कहा कि राजस्थान गवर्नमेंट अनस्टेबल है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को डर है कि मेरी कुर्सी ना चली जाए और सचिन पायलट को चिंता है कि मेरी कुर्सी कब मिलेगी। क्या आपने कभी किसी सरकार में ऐसा देखा है। इन्हीं कारणों के कारण आज तक राजस्थान में कांग्रेस सरकार कोई विकास नहीं करा पाई है। क्राइम बढ़ा है। युवाओं को रोजगार नहीं मिले।

**पायलट के अनशन पर साधा निशाना:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट अपनी ही सरकार के खिलाफ अनशन पर बैठ गए। यह कौन सा सामाजिक न्याय है। क्या देखा है इस पहले कभी अपनी ही सकरा के खिलाफ बैठना। अनशन में लगे बैनर में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के फोटो तक नहीं थे तो वह किस पार्टी से है। इसका मतलब सरकार अस्थिर है। केंद्रीय मंत्री ने 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने को कहा।

## सात लाख की स्मैक के साथ पांच तस्कर दबोचे

**हरिद्वार।** नशे के सौदागरों की फेहरिस्त दिन प्रतिदिन लंबी होती जा रही है। रानीपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 66 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़ी गई स्मैक की कीमत अन्तरराष्ट्रीय बाजार में करीब 7 लाख रुपये बताई जा रही है। सभी अभियुक्तों का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया गया है। ड्रग फ्री देवभूमि मिशन को साकार बनाने में जुटी पुलिस में रानीपुर पुलिस, सीआईयू व एएनटीएफ की संयुक्त टीम को उस वक्त कामयाबी हाथ लगी जब मुखबिर की सूचना पर टीम ने नशे के सौदागरों का नेटवर्क तोड़ा।

## भाजपा की जनाक्रोश सभा: एसटीएफ ने बरसाई लाठियां

**टीम एक्शन इंडिया/अलवर**
भाजपा की ओर से बुधवार को आक्रोश सभा और कलेक्ट्रेट महा घेराव का आयोजन किया गया। सभा के बाद भाजपा नेता व कार्यकर्ता शहर के मुख्य बाजार व चौराहों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां प्रदर्शन के दौरान पुलिस और नेताओं में झड़प हो गई। शहर विधायक संजय शर्मा पर एसटीएफ ने लाठीचार्ज कर दिया। उन्हें बचाने आए कार्यकताओं पर भी लाठीचार्ज किया गया। जिस कारण शहर विधायक संजय शर्मा वहीं धरने पर बैठ गए। जब इसकी सूचना अन्य नेताओं व कार्यकर्ताओं को मिली तो सभी धरने पर बैठकर गए।



**केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में दिया धरना:** शहर विधायक संजय शर्मा पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, सांसद बालकनाथ, विधायक मनजीत चौधरी, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, रामहेत यादव, पूर्व सभापति संदीप दायमा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट के बाहर धरने पर बैठ गए।

**ढाई साल, बदला हाल** विश्व फलक पर शुमार आदिशक्ति जगत जननी मां विंध्यवासिनी धाम का स्वर्णिम काल शुरू हुआ

# विंध्य कारिडोर: पर्यटन के नए क्षितिज पर विंध्यधाम

**टीम एक्शन इंडिया**/मीरजापुर
ढाई साल, बदला हाल... पर्यटन के नए क्षितिज पर विंध्यधाम...। हम बात कर रहे हैं विंध्य कारिडोर की। 30 अक्टूबर 2020 वह घड़ी थी जब 331 करोड़ की विंध्य कारिडोर परियोजना को उत्तर प्रदेश कैबिनेट की मंजूरी मिली थी, तभी से विश्व फलक पर शुमार आदिशक्ति जगत जननी मां विंध्यवासिनी धाम का स्वर्णिम काल शुरू हो चुका था। विंध्य कारिडोर परियोजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। ऐसे में तय है कि विंध्य कारिडोर योगी सरकार की उपलब्धियों के तौर पर जाना



जाएगा। साथ ही भाजपा लोगों को यह बताने की कोशिश करेगी कि वह अध्यात्म, धर्म और विकास का मेल कराकर आगे बढ़ रही है। केवल एक वर्ष आगे की कल्पना करें तो मीरजापुर यानी विंध्य क्षेत्र में एक बदलाव बहुत प्रत्यक्ष दिखेगा, वह होगा विंध्य कारिडोर। जो पहले वहां जा चुके हैं, वे तब जाने पर शायद उसे पहचान भी न सकें।
परिक्रमा पथ के साथ ही मां विंध्यवासिनी का भव्य मंदिर तो होगा ही, और भी बहुत से परिवर्तन तब तक हो चुके होंगे। जिस मार्ग से श्रद्धालु हिचकोले खाते व धूल से होकर विंध्यधाम पहुंचते थे, वह फोरलेन हो चुका होगा। चौड़ी सड़कें व अन्य सुविधाएं होंगी। परिक्रमा मार्गों का सुंदरीकरण हो चुका होगा। यह सब होगा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सोच और इच्छाशक्ति से बदल गया होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार धार्मिक स्थलों के सम्मान के साथ पर्यटन विकास व रोजगार को बढ़ावा देने को लेकर संकल्पित है।

